मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष -10, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07, अंक - 172 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2021-23

भोपाल
07 दिसंबर 2023 गुरुवार

बेबाक खबर हर दोपहर
# दोपहर मेट्रो

**आज का मौसम**
23 अधिकतम
16 न्यूनतम


Page- 7

# परिवारवाद का रंग भी, मिलाजुला असर रहा मध्यप्रदेश में


प्रसंगवश
राजेश सिरोठिया

कांग्रेस तो परिवारवाद और वंशवाद के मामले में जमकर बदनाम है, लेकिन इस बार भाजपा ने भी परिवार, उम्र की सीमाओं को दरकिनार करते हुए टिकट दिए। इनमें से कईयों को जनता ने नकारा तो कईयों का सिर पर बिठाने में कोताही नहीं बरती।

### विजयवर्गीय के दांव काम आए

अविभाजित झाबुआ से टूटकर बने आलीराजपुर की सीट से भाजपा ने दिग्विजय सिंह के किसी जमाने में खास रहे झाबुआ के विवादित नेता वेस्ता पटैल के छोटे बेटे मुकेश पटैल को कांग्रेस ने आलीराजपुर से टिकट दिया तो उनकी भाभी यानि वेस्ता पटैल के दूसरे बेटे महेश पटैल की पत्नी सेना पटैल को जोबट से टिकट दिया। भाजपा ने कांग्रेस से भाजपा में आई सुलोचना रावत के बेटे विशाल पटैल कोउनके सामने उतारा। लेकिन जब नतीजा आया तो देवर मुकेश पटैल हार गए और भाभी सेना पटैल जीत गई। भाजपा नेत्री के पुत्र भी खेत रहे। मालवा ही क्षेत्र के सबसे अहम नगर और प्रदेश की औद्योगिक नगरी इंदौर में क्षेत्र क्रमांक एक से कांग्रेस के विधायक और कभी भाजपा के कद्दावर नेता रहे विष्णु शुक्ला बड़े के बेटे संजय शुक्ला को भाजपा के कैलाश विजयवर्गीय के हाथों करारी शिकस्त मिली, लेकिन कैलाश विजयवर्गीय ने संजय शुक्ला के चचेरे भाई और अपने घनघोर समर्थक गोलू शुक्ला को भाजपा टिकट पर इंदौर-3 की सीट से जितवा दिया। कैलाश के बेटे आकाश की जगह टिकट पाए गोलू शुक्ला को दिग्गीराज में दिग्गज क्षेत्रीय नेता महेश जोशी के बेटे पिंटू जोशी को करारी हार का सामना करना पड़ा।
मालवा के ही धार जिले के कुक्षी में भाजपा ने अपनी पूर्व मंत्री रंजना बघेल के पति मुकाम सिंह कराड़े के भतीजे जयदीप पटैल पर दांव आजमाया लेकिन दिग्विजय सिंह के मुख्यमंत्रित्व काल में पंचायत मंत्री रहे प्रताप सिंह बघेल के बेटे हनी बघेल के हाथों उन्हें करारी शिकस्त मिली। नर्मदापुरम संभाग की बात करें तो हरदा जिले के टिमरनी क्षेत्र से भाजपा के दो बार के विधायक और आदिवासी मकड़ाई राजघराने के संजय शाह को उनके ही भतीजे अभिजीत के हाथों हार का सामना करना पड़ा।

### उल्टे पड़े रिश्तों के दांव

विंध्य की बात करें तो रीवा की देवतालाब सीट पर विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम के खिलाफ कांग्रेस ने उनके ही सगे भतीजे पद्मेश गौतम पर दांव चला जो परवान नहीं चढ़ सकता। भाजपा से कांग्रेस और कांग्रेस से भाजपा के बाद फिर से कांग्रेस में आने वाले रीवा के बड़े ठेकेदार अभय मिसरा सेमरिया सीट से खुद तो छह सौ वोटों से जीत गए। लेकिन सिरमौर में अपने समधी वीडी पांडे को कांग्रेस से टिकट दिलाने में नाकाम अभय ने पांडे को बसपा से मैदान में उतरवा दिया। उन्होंने सामान्य सीट पर कांग्रेस से रामगरीब वनवासी को टिकट दिलाकर उन्हें जिताने के जतन भी किए लेकिन जनता ने दोनों को नकारकर रीवा राजघराने के राजकुमार दिव्यराज को लगातार तीसरी जीत दिलाकर भाजपा विधायक बनवा दिया। त्यौंथर में भाजपा ने विंध्य के सफेद शेर कहे जाने वाले कांग्रेस के शीनिवास तिवारी के पोते सिद्धार्थ तिवारी को विधायक बनवा ही दिया। सतना जिले में दो सीटों पर अपना काम बिगाड़ा। पहले तो नागोद में पिछले चुनाव में मात्र 6 सौ वोटों से हारे यादवेंद्र सिंह के बजाए रश्मि पटैल को कि दिया तो सतना शहर की सीट पर कमलनाथ के स्टाफ के एक अफसर के समधी धर्मेश धुई को टिकट दे दिया।



### कम चली नातेरिश्तेदारों की

इसके विपरीत कांग्रेस ने भाजपा से आए जितने भी लोगों पर दांव लगाया वे तमाम नाकाम रहे। फिर चाहे वह खातेंगांव देवास में भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री कैलाश जोशी के बेटे दीपक जोशी हों या अशोकनगर के मुंगावली से हारे भाजपा विधायक देशराज सिंह यादव के बेटे राव यादवेंद्र सिंह, लेकिन भाजपा से आए भंवर सिंह शेखावत ने शानदार जीत हासिल की सिंधिया कोटे के राजवर्धन सिंह दत्तगांव को स्थानीय पुराने भाजपाई पचा नहीं सके। इसी तरह बसपा से कांग्रेस में आए साहब सिंह गुर्जर ने भाजपा के बदमिजाज और नरेंद्र सिंह तोमर के भरोसे जीतने वाले मंत्री भारत सिंह कुशवाह को पटखनी दे दी?

चंबल और बुंदेलखंड की बात करें तो कांग्रेस के कद्दावर नेता डा. गोविंद सिंह के खाते में उनके सिवा 3 टिकट और आए थे। वे खुद लहार की सीट हार गए तो भिंड जिले की ही मेंहगाव सीट पर वह अपने भांजे राहुल भदौरिया को हार से नहीं बचा सके। लेकिन टीकमगढ़ जिले की खरगापुर सीट पर उनकी समधन चंदारानी गौर ने उमाभारती के भतीजे राहुल लोधी को कड़े मुकाबले में शिकस्त दी तो बसपा से कांग्रेस में एंट्री करने वाले गोविंद सिंह समर्थक साहब सिंह गुर्जर भी कड़े संघर्ष में भाजपा सरकार के मंत्री भारत सिंह कुशवाहा को बारी अंतर से हराने में कामयाब हो गए।

### भाईयों की मिली भगत ने बदली फिजा

नर्मदापुरम शहर की सीट पर भाजपा ने कांग्रेस के गिरजाशंकर के मुकाबले उनके ही सगे भाई और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डा. सीतराशरण शर्मा को टिकट दे डाला था। शहर में भाजपा से लेकर कांग्रेस में बगावत के सुर उभरे। स्थानीय भाजपा संगठन और शर्मा बंधुओं के एकाधिकार को चुनौती देने वाले कांग्रेसियों ने मिलकर भाजपा नेता भगवती चौरे को मैदान में उतारा। लेकिन आखिरी मौके पर कांग्रेस के डा. गिरजाशंकर ने अपने भाई के पक्ष में समर्पण करते हुए भाजपा के डा. सीताशरण शर्मा को जितवा दिया और खुद तीसरे पायदान पर आ गए। इसके ठीक विपरीत कांग्रेस ने सागर शहर की सीट पर भाजपा के शैलेंद्र जैन के खिलाफ किसी और कांग्रेसी को टिकट देने के बजाए निधि जैन पर भरोसा जताया। रिश्ते में निधि जैन दमोह के भाजपा विधायक जयंत मलैया के सगी भतीजी भी हैं। लेकिन नता ने परिवार के भीतर की जंग में भाजपा का साथ दिया और शैलेंद्र जैन के चौथी बार विधायक बनवा दिया। यानि नर्मदापुरम की तरह सागर में भी भाजपा का दांव उल्टा पड़ गया।

## मध्यप्रदेश में राजनीतिक व प्रशासनिक असमंजस
# योग भारी या प्रयोग...4 दिन से दिल्ली में अटका सीएम का नाम

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

विधानसभा चुनाव के परिणाम आने के चार दिन बाद भी भाजपा मप्र में मुख्यमंत्री का चेहरा तय नहीं कर पाई है,पार्टी दो दिन से दिल्ली में इस कवायद में जुटी है।भाजपा में सीएम के लिये शिवराज के अलावा ज्योतिरादित्य सिंधिया,नरेंद्र सिंह तोमर,वीडी शर्मा,प्रहलाद पटेल व कैलाश विजयवर्गीय के नाम भी उछल रहे हैं लेकिन यह भी कयास हैं कि हाइकमान यदि नेतृत्व की बागडोर बदलता है तो कोई अनपेक्षित चेहरा भी सामने आ सकता है। वहीं तेलंगाना में आज कांग्रेस की सरकार सत्ता संभाल रही है,सीएम रेवंत रेड्डी के शपथ समारोह के लिये सोनिया गांधी व राहुल गांधी हैदराबाद पहुंच गये हैं।

जानकार सूत्रों का कहना है कि भाजपा ने चुनाव जीतने वाले सभी सांसदों के इस्तीफे लेने के बाद यह संकेत तो साफ कर दिये हैं कि इन्हें अब मप्र की राजीनीति करना है और लोकसभा चुनाव के लिये दूसरे चेहरे आगे बढाए जाएंगे, लेकिन मुख्यमंत्री के नाम पर पार्टी के रणनीतिकारों में नये प्रयोग को लेकर कुछ असंमजस भी अब नजर आने लगा है। माना जा रहा है कि पार्टी पूरी तरह आश्वस्त होने के बाद ही आगे फैसला करेगी,क्योंकि चार महीने बाद ही लोकसभा चुनाव भी सामने हैं।इधर ?मौजूदा सीएम शिवराज ने खुद को लोकसभा चुनाव की तैयारी में लगा रखा है वे कल छिंदवाडा में थे और आज झंडा दिवस पर सेना अधिकारियों से मिलने के बाद श्योपुर पहुंच रहे हैं। उधर दिल्ली में सुबह भाजपा संसदीय दल की बैठक हुई। इसमें मप्र, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भाजपा की बंपर जीत को लेकर सांसदों ने पीएम मोदी का स्वागत किया। बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से लेकर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल समेत भाजपा के केंद्रीय मंत्री और सांसद पहुंचे।



### रेड्डी की शपथ, दक्षिण में कांग्रेस का दूसरा राज्य



कांग्रेस नेता अनुमुला रेवंत रेड्डी आज तेलंगाना के नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। हैदराबाद के एलबी स्टेडियम में शपथ ग्रहण समारोह में राज्यपाल तमिलिसाई सुंदरराजन ने दोपहर 1.04 बजे 56 वर्षीय नेता रेड्डी को शपथ दिलाई। 2014 में आंध्र प्रदेश से अलग तेलंगाना के गठन के बाद रेवंत रेड्डी राज्य के दूसरे मुख्यमंत्री हैं। शपथग्रहण के लिए कांग्रेस की संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी गुरुवार सुबह हैदराबाद पहुंच गए। खुद रेवंत रेड्डी और राज्य कांग्रेस अध्यक्ष ने उनका हैदराबाद एयरपोर्ट पर स्वागत किया।

## चुनाव नतीजों के बाद तीन दिन से गुलजार था बाजार
# शेयर बाजार को जोरदार झटका, 300 अंकों का गोता लगाया सेंसेक्स ने

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों के बाद आए नतीजों के चलते जो भारतीय शेयर बाजार तेज रफ्तार से भाग रहा था उस पर आज जबर्दस्त ब्रेक लग गया है। बीते तीन दिनों से बाजार में तूफानी तेजी के बाद अब सन्नाटा सा है बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 300 अंकों से ज्यादा टूट गया है। इस बीच सबसे तगड़ा घाटा पेटीएम के शेयर में निवेश करने वालों को लगा है। बाजार खुलने का साथ ही इस स्टॉक में लोअर सर्किट लग गया।

दरअसल तीन दिनों से शेयर बाजार में लगातार तेजी देखने को मिल रही थी और सेंसेक्स व निफ्टी हर रोज नए मुकाम पर पहुंच रहे थे। चुनावी नतीजों के ऐलान के बाद सप्ताह के पहले बीते सोमवार को तो सेंसेक्स 1300 अंक की बढ़त के साथ बंद हुआ था, वहीं निफ्टी भी रॉकेट सी तेजी के साथ 21,000 के स्तर के करीब पहुंच गया था। गुरुवार को बाजार की तेजी गिरावट में तब्दील हो गई। शुरूआती दो घंटे में ही सेंसेक्स 318 अंक फिसलकर 69,337.67 के स्तर पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी इंडेक्स भी करीब 70 अंक टूटकर 20,872 के लेवल पर ट्रेड कर रहा था। इस स्टॉक में गिरावट के पीछे प्रमुख दो कारणों में दिग्गज निवेशक वॉरेन बफे का बाहर होना तथा कंपनी की स्माल लोन को लेकर बनाई जा रही योजना को दूसरा कारण माना जा रहा है।



## चीन में कहर बनी बीमारी भारत पहुंची, 7 बच्चे बीमार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कोरोना की डरावनी यादों के बीच अब एक बार चीन से आए एक नए बैक्टीरिया ने भारत की टेंशन बढ़ा दी है। भारत में एक नए चाइनीज बैक्टीरिया माइक्रोप्लाजमा न्यूमोनिया की एंट्री हो चुकी है जिसकी जद में छोटे बच्चे आ रहे हैं। यह बीमारी चीन में हाहाकार मचा रही है। दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान अस्पताल ने अप्रैल से सितंबर के बीच माइकोप्लाज्मा निमोनिया के सात मामलों का पता लगाया है। खबरों के मुताबिक एम्स ने पीसीआर और आईडीएम एलिसा नामक दो परीक्षणों के जरिए चीन में बच्चों में सांस की बीमारी पैदा करने वाले बैक्टीरिया माइकोप्लाज्मा निमोनिया के सात केस दर्ज किए हैं।

**माइकोप्लाज्मा निमोनिया के मामले**

## राजस्थान में बाड़ाबंदी, विधायकों पर नजरें

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में चुनाव नतीजों के बाद स्थिति दिलचस्प है। भाजपा के पास स्पष्ट बहुमत है, लेकिन मुख्यमंत्री का सर्वसम्मत चेहरा नहीं है। आलाकमान ने भी अब तक कोई संकेत नहीं दिए हैं। इसी का नतीजा है कि विधायकों की बाड़ेबंदी की आशंकाएं व्यक्त की जाने लगी हैं। बीती रात भाजपा के पांच से अधिक विधायक एक कांग्रेस नेता के होटल में चले गए थे। भाजपा के शीर्ष नेताओं ने जोर-जबरदस्ती कर उन्हें वापस बुलाया। इस दौरान हाथापाई की नौबत आ गई थी। खबरों के अनुसार नतीजे आने से तीन दिन पहले पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने निर्दलीय प्रत्याशियों को फोन लगाने शुरू कर दिए थे।

**मुख्यमंत्री के चेहरे पर असमंजस**

## 16 महीने में पांच हार्टअटैक, मगर जिंदा

**मुबंई एजेंसी।** एक बार दिल का दौरा पड़ने से व्यक्ति की हालत खराब हो जाती है। लेकिन मुलुंड की रहने वाली एक 51 वर्षीय निवासी को पिछले 16 महीनों में 5 बार हार्ट अटैक आ चुका है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक महिला को पांच स्टेंट लगाए गए हैं, छह एंजियोप्लास्टी और एक कार्डियक बाईपास सर्जरी हुई है। उनको आखिरी बार 1 और 2 दिसंबर को के बीच दिल का दौरा पड़ा था। अब वह सिर्फ यह जानना चाहती हैं कि उनके साथ क्या गलत है,। सुनीता को डर है कि क्या उन्हें तीन महीने बाद एक नया ब्लॉकेज डेवलप होगा। सुनीता को पहला दिल का दौरा सितंबर में जयपुर से बोरीवली लौटते समय ट्रेन में पड़ा था। जब उनकी दो एंजियोप्लास्टी और बाईपास सर्जरी हुई।

**मेट्रो एंकर**

## 11 दिसंबर को आने वाली किताब *माई फादरः ए डॉटर रिमेम्बर्स* की चर्चा
# सुबह-सुबह मिलने पहुंचे राहुल तो भड़के राष्ट्रपति!

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की बेटी व कांग्रेस नेता रहीं शर्मिष्ठा मुखर्जी ने अपने पिता पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी पर जो किताब लिखी है। उसमें कई ऐसे अनछुए पहलू सामने आने वाले हैं जिस लेकर अभी से चर्चा गर्म हैं। यह किताब 11 दिसंबर को लांच होने वाली है। किताब में शर्मिष्ठा ने अपने पिता के हवाले से कई खुलासे किए हैं। किताब में दावा कि 2013 में राहुल गांधी द्वारा एक अध्यादेश की प्रति फाड़े जाने की घटना से प्रणब स्तब्ध रह गए थे। प्रणब मुखर्जी ने कहा था, उन्हें (राहुल) खुद के गांधी-नेहरू परिवार का होने का घमंड है। किताब में दावा किया गया है कि यह घटनाक्रम 2014 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के लिए ताबूत में आखिरी कील साबित हुआ। प्रणब के हवाले से किताब में कहा गया है, एक बार राहुल प्रणब मुखर्जी से मिलने सुबह-सुबह पहुंच गए थे% उस वक्त वे मुगल गार्डन में सुबह की सैर कर रहे थे% प्रणब को सुबह की सैर और पूजा के दौरान किसी भी तरह का व्यवधान पसंद नहीं था फिर भी उन्होंने राहुल से मिलने का फैसला किया। बाद में पता चला कि राहुल असल में शाम को प्रणब से मिलने वाले थे, लेकिन राहुल के कार्यालय ने गलती से उन्हें सूचित कर दिया कि बैठक सुबह है। शर्मिष्ठा के मुताबिक जब मैंने जब अपने पिता से पूछा, तो उन्होंने व्यंग्यात्मक टिप्पणी की, व कहा- अगर राहुल का दफ्तर 'AM' और 'PM' के बीच अंतर नहीं कर सकता है तो वह भविष्य में प्रधानमंत्री कार्यालय को संचालित करने की उम्मीद कैसे कर सकते हैं?



प्रणब मुखर्जी की बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी ने अपनी किताब 'प्रणब, माई फादरः ए डॉटर रिमेम्बर्स' में कहा है कि उनके पिता (मुखर्जी) ने उनसे यह भी कहा था कि राजनीति में आने का निर्णय शायद उनका नहीं था और उनमें करिश्मे और राजनीतिक समझ की कमी एक समस्या पैदा कर रही है। दरअसल पूर्व कैबिनेट मंत्री अजय माकन ने 27 सितंबर 2013 को प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई थी. इसमें राहुल गांधी पहुंचे और उन्होंने प्रस्तावित सरकारी अध्यादेश को पूरी तरह से बकवास बताते हुए इसे फाड़ दिया।

शर्मिष्ठा ने किताब में लिखा कि राहुल के इस व्यवहार से पिता आश्चर्यचकित थे। मैंने ही उन्हें यह खबर दी तो मैंने अपने पिता को क्रोधित होते देखा। उनका चेहरा लाल हो गया था और उन्होंने कहा था, वह (राहुल) खुद को क्या समझते हैं। वह कैबिनेट के सदस्य नहीं हैं, कैबिनेट के फैसले को सार्वजनिक रूप से खारिज करने वाले वह कौन होते हैं। प्रणब ने शर्मिष्ठा से कहा, प्रधानमंत्री विदेश में हैं। क्या उन्हें (राहुल को) अपने व्यवहार के परिणाम और इसका प्रधानमंत्री और सरकार पर पड़ने वाले प्रभाव का एहसास भी है? बाद में मुखर्जी ने इसे अपनी डायरी में भी लिखा कि यह पूरी तरह से अनावश्यक है, उन्हें खुद के गांधी-नेहरू परिवार का होने का घमंड है।

# अच्छा लिखने के लिए अच्छा पढ़ना जरूरी है : जोशी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

अच्छा लिखने के लिए अच्छा पढ़ना जरूरी है। भाषा को जितना जानेंगे उतनी समृद्ध होगी। हर आदमी नए ढंग से सोचता है, नए ढंग से सोचना ही रचना को जन्म देता है। दो पंक्तियों के बीच भी अनकहा बहुत कुछ होता है। मौन भी अभिव्यक्ति का मुखर माध्यम है। यह बात हिंदी के प्रख्यात कवि राजेश जोशी ने कही। राजधानी के पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्र. 2 के विद्यार्थियों के बीच लिए बुधवार का दिन कुछ खास रहा। एनसीईआरटी की किताबों में वे जिन कवियों की कविताएं पढ़ते हैं, उनमें से एक कवि राजेश जोशी आज उनके सामने थे। विद्यालय के प्राचार्य पवन कुमार बेदुये ने बताया कि विद्यार्थियों को साहित्य से जोड़ने, उनमें नैतिक मूल्यों के विकास और उनकी रचनात्मकता को विकसित करने के उद्देश्य से यह आयोजन किया गया। विद्यालय के विद्यार्थी जाह्नवी चैबे, अभिमन्यु, तथ्य सिंह पवार, दृष्टि भसीन, मानव दुबे तथा आरआईई की छात्रा नूर ने कवि राजेश जोशी से कवि कर्म से जुड़े कई प्रश्न पूछे।



### रचनात्मकता एक अंतहीन खेल-

रचनात्मकता एक अंतहीन खेल है। रचनाकार कभी संतुष्ट नहीं होता, यदि वो संतुष्ट हो जाएगा, तो रचनात्मकता भी खत्म हो जाएगी। हर व्यक्ति बेसिकली क्रिएटिव होता है। बस आवश्यकता है अपने अंदर की सृजनात्मकता को पहचानकर अभिव्यक्त करने की।

### कभी-कभी चीजें भी आपको चुनती हैं


कवि राजेश जोशी ने विद्यार्थियों से कहा कि मैं चित्रकार बनना चाहता था, लेकिन कवि बन गया। हमेशा आप ही चीजों को नहीं चुनते, कभी-कभी चीजें भी आपको चुनती हैं। रचना के विषय अनुभव से आते हैं। रचनात्मकता और देखे हुए ऑब्जेक्ट के बीच जब कनेक्शन हो जाता है, तो रचना का जन्म होता है।

## केंद्रीय विद्यालय -2 में मनाया वरिष्ठ अभिभावक दिवस



पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 में बुधवार को वरिष्ठ अभिभावक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय विद्यालय संगठन क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल संभाग के सेवानिवृत सहायक आयुक्त एस.एन शर्मा रहे। कार्यक्रम का आगाज मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। मुख्य अध्यापिका सुषमा गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत किया। विभिन्न कक्षाओं के करीब 250 बच्चों ने मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। बच्चों ने नाटक के माध्यम से बताया कि किस तरह वरिष्ठ अभिभावक परिवार में स्नेह तथा संस्कारों का बीजारोपण कर बच्चों को संस्कारवान बनाते हैं।

# शहर में सैंकड़ों स्ट्रीट लाइट बंद मवेशियों से भिड़ रहे हैं वाहन



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

**शहर में सैंकड़ों स्ट्रीट लाइटें बंद है। जिसके कारण सड़कों पर अंधेरा छाया रहता है, जिन पर बैठे मवेशियों से वाहन चालक टकरा रहे हैं। आए दिन इस तरह की घटनाएं हो रही है। जिसके कारण वाहन चालक तो चोटिल हो ही रहे हैं, साथ में मवेशियों को भी नुकसान पहुंच रहा है। यह शहर के किसी एक हिस्से का हाल नहीं है, बल्कि पुराने से लेकर नए शहर में यह समस्या गंभीर होती जा रही है लेकिन निगम प्रशासन इस दिशा में प्रयास तेज नहीं कर रहा है।**

### किस क्षेत्र में क्या स्थिति

**कोलार—** नई सड़क का काम चल रहा है इसलिए पहले से स्ट्रीट लाइट व्यवस्था ध्वस्त है। जिन छोटे मार्गों पर लाइटें लगाई हैं, उनमें से कई बंद है।

**कटारा हिल्स—** नई 80 फीट रोड पर अमलतास चौराहे से रायसेन बायपास तक स्ट्रीट लाइट लगाई हैं। ये चुनाव के पहले तक चालू थी लेकिन चुनाव के दौरान से लेकर अब तक इनमें से 90 फीसद बंद हो चुकी है।

**नेहरू नगर-—** क्षेत्र में जगह–जगह लाइटें बंद हैं। मैनिट से भदभदा चौराहे तक करीब 10 प्रतिशत लाइटें चालू नहीं हैं। इस क्षेत्र में आवारा कुत्ते रात के अंधेरे में वाहन चालकों पर दौड़ पड़ते हैं।

**होशंगाबाद रोड-—** इस रोड के किनारे बसी कॉलोनियों के अंदर की सड़कों पर लाइटें तो लगाई हैं लेकिन किसी भी कॉलोनी की सड़कों पर 100 प्रतिशत लाइटें चालू नहीं है। जिसकी वजह से अंधेरा रहता है। हालांकि जो प्राइवेट कॉलोनियां हैं उनमें स्थिति और अच्छी है।

**अयोध्या नगर—** हाउसिंग बोर्ड द्वारा बसाई गई कॉलोनियों में प्रकाश की व्यवस्था बिल्कुल भी ठीक नहीं है। 50 से 60 प्रतिशत लाइटें बंद ही रहती है। इस क्षेत्र से लोग आए दिन निगम के टोल फ्री नंबर पर शिकायत कर रहे हैं लेकिन सुनवाई नहीं होती।

**अवधपुरी—** मुख्य सड़कों पर तो स्थिति ठीक है लेकिन अंधेरे की कॉलोनियों में लगभग हर चौथे–पांचवे पोल पर लाइटें खराब है। जिसके कारण अंधेरा रहता है। इस क्षेत्र में आवारा कुत्ते भी सड़कों पर घूमते हैं।

**पुराना शहर-—** मुख्य सड़कों पर स्थिति जैसे–तैसे ठीक है लेकिन अंदर की कॉलोनियों के हाल बुरे हैं। गिने–चुने लाइट ही चालू है, उनका भी प्रकाश बहुत कमजोर है, जिसके कारण अंधेरा जैसा रहता है। हालांकि पुराने शहर में कई लोगों ने तो अपने घरों के सामने लाइटें लगवा रखी हैं, जिसकी वजह से काम चल रहा है।

### स्ट्रीट लाइटें चालू रखें निगम

*जब देखो तब स्ट्रीट लाइट बंद हो जाती है समय से ठीक नहीं करते। सड़कों पर मवेशी बैठे रहते हैं, जो अंधेरे में दिखाई नहीं देते और घटनाएं होती है।*

*— अनिल बाजपेयी, रहवासी, भोपाल*

*मैं तो हमेशा निगम में फोन लगाता हूं और बंद स्ट्रीट लाइटों को चालू करवाने का प्रयास करता हूं। इस तरह लाइट बंद रहेगी तो घटनाएं तो होंगी।*

*— उमाशंकर तिवारी, बागमुगालिया*

*स्ट्रीट लाइटों को चालू कराने के लिए निगम में शिकायत कर दी है। अधिकारियों को भी बोला है। निगम को खुद स्ट्रीट लाइट व्यवस्था की निगरानी कड़ी करनी चाहिए।*

*— दिलीप यादव, गौरी शंकर परिसर*

*शहर की कोई भी सड़क हो, यदि वहां पोल पर स्ट्रीट लाइट लगी है तो उन्हें रात में चालू होना चाहिए। लेकिन मैं देखता हूं कि भेल क्षेत्र और उससे जुड़ी कॉलोनियों में कई स्थानों पर बंद रहते हैं।*

*— दीपक गुप्ता, भेल कर्मचारी नेता*

## बीएमए स्टूडेंट चेप्टर में युगलबंदी पर व्याख्यान

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



मैनेजमेंट एसोसिएशन द्वारा ओरिएंटल ग्रुप ऑफ़ इंस्टीयूशन के मैनेजमेंट फैकल्टी स्टूडेंट चैप्टर के उद्घघाटन पर मुख्य वक्ता मार्केटिंग गुरू राजीव मिश्रा ने ÷ हुनर और कौशल की युगलबंदी ÷ शीर्षक पर व्याख्यान दिया% उन्होंने कहा कि प्रत्येक छात्र में हुनर है प्रतिभा है उसे निखारने के लिए अतिरिक्त कौशल ,मेहनत करने से वह शिखर पर पहुंच सकता है उन्होंने महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर एम एस धोनी तथा नीरज चोपड़ा के विशेष हुनर कौशल एवम प्रतिभा का उद्धरण दे कर बताया कि वे महानतम क्यो हैं । बीएमए के अध्यक्ष सुनील भार्गव ने कहा की स्टूडेंट चैप्टर में एक्सपर्ट फैकल्टी द्वारा अनुभव आधारित व्याख्यान दिए जाते है ताकि छात्रों को प्रेक्टिकल ज्ञान मिले ।

## नैंन्सी सोलंकी ने शूटिंग में जीते पदक



**भोपाल दोपहर मेट्रो।** च्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान, भोपाल की छात्रा कुमारी नैन्सी सोलंकी, बी.पी.ई.एस. द्वितीय वर्ष (तृतीय सेमेस्टर) ने राष्ट्रीय स्तर शूटिंग प्रतियोगिता में भाग लेकर 50 मीटर फ्री पिस्टल में 05 गोल्ड एवं 01 ब्राँस पदक, 10 मीटर मिक्स टीम में 01 ब्राँस पदक, 25 मीटर स्पोटर्स पिस्टल में 01 सिल्वर और 25 मीटर स्टेण्डर्ड पिस्टल में 03 सिल्वर पदक जीते वे मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग अकादमी, भोपाल में प्रशिक्षणरत हैं ।

## सरकारी स्कूलों में शुरू हुई 9 से 12वीं की अर्धवार्षिक परीक्षाएं, आज हिंदी का पेपर

### पहले दिन 9वीं-10वीं का अंग्रेजी, 11वीं, 12वीं का हुआ भौतिक विज्ञान, अर्थशास्त्र का पेपर



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में बोर्ड की तर्ज पर 9वीं से 12वीं कक्षा तक की अर्धवार्षिक परीक्षाएं बुधवार से शुरू हो गई हैं। परीक्षा के पहले दिन 9वीं-10वीं का अंग्रेजी, 11वीं, 12वीं के विद्यार्थियों का भौतिक विज्ञान, अर्थशास्त्र का पेपर रहा। वहीं गुरुवार को सभी कक्षाओं का हिंदी का पेपर रहा। कक्षाओं में जांच के बाद विद्यार्थियों को प्रवेश दिया गया। दो पाली में आयोजित परीक्षा में कक्षा 9वीं और 10वीं की परीक्षा सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक और कक्षा 11वीं 12वीं की परीक्षा दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक आयोजित की जा रही है।

### प्रश्न-पत्र लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा तैयार किए गए

लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा 9वीं और 10वीं की परीक्षा 6 से 15 दिसंबर तक और 11वीं और 12वीं की परीक्षा 6 से 16 दिसंबर तक आयोजित की जा रही है। इन्हीं तारीखों के बीच प्राचार्य अपनी सुविधानुसार प्रायोगिक परीक्षाएं आयोजित करा सकेंगे। इन परीक्षाओं के लिए प्रश्न-पत्र लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा तैयार किए गए हैं। खास बात यह भी है कि 9वीं और 11वीं के विद्यार्थियों के इस परीक्षा के 5 प्रतिशत अंक वार्षिक परीक्षा में जोड़े जाएंगे।

## बच्चों ने अंतरराष्ट्रीय कराटे चैम्पियनशिप में पदक जीते



**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

सातवाँ एस.के.आई.ए. अंतरराष्ट्रीय कराटे चैम्पियनशिप प्रतियोगिता में मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने पदक हासिल किए। प्रतियोगता 25 एवं 26 नवम्बर 2023 को गोवा में आयोजित की गई थी।

कोच दीवान आहूजा के मार्गदर्शन में अंतरराष्ट्रीय कराटे चैम्पियनशिप प्रतियोगिता में मिठी गोबिंदराम पब्लिक विद्यालय के विद्यार्थी शामिल हुए थे। हार्दिक आसवानी ने काता एवं कुमिते में क्रमशः स्वर्ण पदक एवं कांस्य पदक प्राप्त कर ब्लैक बेल्ट के लिए हासिल किया। जिनेम जैन, अर्नव जैन, प्रांजल जैन, शिवांश सिंह एवं कार्तिक चेतवानी ने कांस्य पदक हासिल किया।

बच्चों की कामयाबी पर सिद्धभाऊजी, प्रबंधन समिति के हीरो ज्ञानचंदानी, ए.सी. साधवानी, के.एल. रामनानी, घनश्याम बूलचंदानी, गोपाल गिरधानी, भगवानदास बाबानी, प्राचार्य अजय बहादुर सिंह, उप-प्राचार्या आशा चंगलानी ने बधाई दी है।

**मेट्रो एंकर**

### हुजूर में बंपर जीत के लिए संतनगर में धन्यवाद जुलूस निकला

# तीसरे कार्यकाल में तीन गुना गति से विकसित होगा : रामेश्वर

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

हुजूर विधानसभा सीट पर रामेश्वर शर्मा की हैट्रिक के बाद स्वागत, अभिनंदन कार्यक्रमों का सिलसिला जारी है। बुधवार को धन्यवाद जुलूस निकाल गया। कार्यकर्ताओं और जनता ने शर्मा का अभिनंदन किया।

शर्मा ने हिरदारामजी को श्रद्धासुमन अर्पित किए व उनके परम शिष्य सिद्ध भाऊ जी से भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। विधायक शर्मा ने कहा कि - हुजूर की जनता मेरी भगवान है। मेरे भगवान ने मुझे इतना आशीर्वाद दिया कि पूरा मध्यप्रदेश देखता रह गया। सारे रिकार्ड तोड़ दिए। हुजूर की जनता ने ऐतिहासिक बहुमत से विजय बनाकर बहुत बड़ी जिम्मेदारी दी है। जीत जितनी बड़ी है, अब जिम्मेदारी भी उतनी ही बढ़ जाएगी। यह हुजूर की जनता का मेरे ऊपर बहुत बड़ा ऋण है। इस ऋण को चुकाने के लिए मैं दिनरात जनता की सेवा करूँगा। इसके लिए यदि नींद के समय को भी आधा करना पड़े तो करूंगा, लेकिन जनता को हर संभव सुविधा उपलब्ध कराऊंगा।

### शर्मा ने नागरिकजनों का आभार मानते हुए कहा कि -

संत नगर के घर-घर से मुझे अपार आशीर्वाद मिला है। हर जन-मन ने विकास और तरक्की का साथ दिया है। मैं हर व्यापारी बंधु के साथ समस्त नागरिकजनों को विश्वास दिलाता हूं कि संत नगर की तरक्की में कोई कसर नहीं छोड़ूंगा।



## दो महीने से अटका फैसला

# बाड़े में कैद चीते, जंगल में छोड़ने पर हिचक रहे अफसर



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र के कूनो नेशनल पार्क के बाड़े में कैद 14 चीतों को जंगल में छोड़े जाने के लिए फील्ड डायरेक्टर ने मुख्य वन्य प्राणी अभिरक्षक असीम श्रीवास्तव को पत्र लिखा है। ज्ञात हो कि कूनो में उत्सव भी मनाया जा रहा है और यहां पर्यटकों को आकर्षित करने के प्रयास जारी हैं। पत्र में कहा गया है कि इस समय चीता को जंगल में छोड़ने के लिए अनुकूल मौसम है। यह पत्र नवंबर के प्रथम सप्ताह में लिखा गया था। हालांकि अभी तक कोई ठोस निर्णय नहीं हुआ है। दरअसल चार माह से बाड़ों में बंद चीतों को लेकर विशेषज्ञों ने चिंता जताई है। उनका कहना है कि लंबे समय तक चीतों को बाड़े में रखने से उनकी खुले जंगल में शिकार करने की क्षमता प्रभावित हो सकती है। वहीं, बाड़े में बंद रहने से स्ट्रेस भी बढ़ेगा। सूत्रों ने बताया कि चीता को जंगल में रिलीज करने संबंधित पत्र पर अफसर हिचक रहे हैं। पिछले दिनों पीसीसीएफ वाइल्डलाइफ अवकाश पर रहे हैं। फिर स्टीयरिंग कमेटी के अध्यक्ष राजेश गोपाल को पत्र भेजने की तैयारी है। संभवतः दिसंबर के दूसरे सप्ताह में बैठक कर चीता को बाड़े से रिलीज करने संबंधित निर्णय लिए जाने की सम्भवना है। चीता प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों ने बारिश के बाद अक्टूबर में चीतों को जंगल में छोड़ने की बात कही थी। इस मामले में पूर्व पूर्व पीसीसीएफ वन्य प्राणी जेएस चौहान का कहना है कि चीतों को लगातार बाड़े में रखने से उनका स्ट्रेस बढ़ेगा। चीते एक दिन में 50 से 100 किलोमीटर तक का सफर कर लेते हैं। अभी वे 150 हेक्टेयर तक के बाड़े में कैद है।

### बैठक ही नहीं हुई

चीता स्टीयरिंग कमेटी की पिछली बैठक में भी इन्हें छोड़ने को लेकर कोई निर्णय नहीं हो सका था। मेटिंग के दौरान एक चीते की मौत के बाद अधिकारी सावधानी बरत रहे हैं। आशा और पवन की मेटिंग के बाद, नर चीता अग्नि, वायु और मादा चीता दक्षा को बाड़े में छोड़ा गया था। मेटिंग के दौरान लड़ाई में दक्षा की मौत हो गई थी।

### भोजन का संकट

माना जा रहा है कि ये चीते जब भी जंगल में आएंगे, तब भोजन का संकट होगा। पार्क में प्रति वर्ग किलोमीटर 18 चीतल हैं। 2021 में यह संख्या प्रति वर्ग किमी 23 थी। 2013 में चीतलों का घनत्व 61 चीतल प्रति वर्ग किमी था। विशेषज्ञों का कहना है कि प्रति वर्ग किमी कम से कम से 27 चीतल होने चाहिए। भारतीय वन्यजीव संस्थान देहरादून भी चिंता जता चुका है।

## एडीआर की रिपोर्ट में हुआ खुलासा

# 90 विधायकों पर अपराध दर्ज, इनमें भारत आदिवासी पार्टी के डोडियार जैसे 34 विधायकों पर गंभीर अपराध

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

हाल ही में मध्य प्रदेश की जनता ने जिन 230 विधायकों को चुना है उनमें से 90 पर अपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें से 34 विधायक कैसे हैं जिन पर हत्या करने, हत्या करने का प्रयास करने, लूट चोरी, मारपीट और बलात्कार करने जैसे गंभीर अपराध दर्ज है। ऐसे विधायकों में भारत आदिवासी पार्टी से पहली बार चुने गए रतलाम की सैलाना सीट से जीते कमलेश्वर डोडियार का नाम भी शामिल है। एडीआर द्वारा जारी की गई रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है।

### कांग्रेस पार्टी से चुने गए हैं सर्वाधिक अपराध दर्ज वाले विधायक

एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक भाजपा के 163 में से 51 और कांग्रेस के 66 में से 38 विधायकों पर अपराध दर्ज है चुने हुए विधायकों में से अपराध दर्ज वाले विधायकों के औसत पर नजर डालें तो इसमें कांग्रेस अपराधिक प्रवृत्ति के प्रत्याशियों को मैदान में उतरने और उनके चुनकर विधानसभा में पहुंचने वाले विधायकों का प्रतिशत अधिक है। यही नहीं गंभीर श्रेणी के अपराध दर्ज वाले विधायकों की बात की जाए तो भाजपा के 16 और कांग्रेस के 17 विधायकों पर इस तरह के अपराध दर्ज है।

### लेकिन 2018 की तुलना में राहत

हालांकि वर्ष 2018 में चुनाव जीतने वाले 94 विधायकों पर अपराध दर्ज थे, जिसमें इस बार 1 प्रतिशत की कमी आई है। एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2018 में 94 विधायकों पर अपराध दर्ज थे, जिनमें से 47 पर गंभीर श्रेणी के अपराध दर्ज थे। इस बार जीते हुए 90 विधायक पर अपराध दर्ज है जिनमें से 34 विधायकों पर गंभीर अपराध दर्ज है।

### इन विधायकों पर हत्या, लूट के केस

एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक शिवपुरी सीट से भाजपा की टिकट पर जीते प्रीतम लोधी पर हत्या करने, हत्या का प्रयास करने, शाजापुर सीट से जीते इंदर सिंह परमार पर हत्या का प्रयास करने, भाजपा की टिकट पर धौहानी सीट से जीते कुंवर सिंह टेकाम पर हत्या व रामपुर बघेलान सीट से जीते भाजपा के विक्रम सिंह, टीकमगढ़ सीट से जीते कांग्रेस के यादवेंद्र सिंह, भोपाल मध्य सीट से जीते आरिफ मसूद पर हत्या का प्रयास करने, जबलपुर पूर्व से कांग्रेस के लखन घनघोरिया पर लूट का केस दर्ज है। इनमें से कुछ मामलों में संबंधितों को कोर्ट से राहत मिली है।

# विस चुनाव का झटका कांग्रेस को राज्यसभा तक सताएगा, मप्र से कम हुई एक सीट



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** मप्र में विधानसभा चुनाव में बहुमत प्राप्त कर सत्ता में वापसी की आस लगाए कांग्रेस को परिणामों से कई झटके लगे हैं। एक तो तत्काल ही लगे हैं और आने वाले समय में भी यह झटके महसूस होते रहेंगे। क्योंकि वह अगले पांच वर्ष विपक्ष में रहेगी और ताजा संख्याबल के चलते राज्यसभा में उसके सदस्यों के समीकरण भी गड़बड़ा जाएंगे। दो अप्रैल को मध्य प्रदेश से राज्यसभा की पांच सीटें सदस्यों का कार्यकाल खत्म होने से खाली हो रही हैं। भाजपा की प्रचंड जीत से अब उसके चार सदस्य मध्य प्रदेश से राज्यसभा जाएंगे, जबकि कांग्रेस का एक ही सदस्य चुना जा सकेगा। 230 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा के 163 और कांग्रेस के 66 विधायक हैं। राज्यसभा का एक सदस्य को चुनने के लिए 39 विधायकों के वोट की आवश्यकता होती है। इस प्रकार भाजपा के चार सदस्य चुने जा सकते हैं। राज्यसभा में मध्य प्रदेश से 11 सदस्य होते हैं। विधानसभा में दलीय स्थिति स्पष्ट होने के कारण मतदान की स्थिति बनने की संभावना भी नहीं है। अब पार्टी जिसे प्रत्याशी बनाएगी, उसका समर्थन करने वाले विधायकों से ही तस्वीर स्पष्ट हो जाएगी। उधर, कांग्रेस में राज्यसभा भेजे जाने वाले नाम को लेकर खींचतान मच सकती है। पार्टी ने ओबीसी कार्ड के तहत राजमणि पटेल को राज्यसभा भेजा था। यह स्थान भाजपा के थावरचंद गेहलोत द्वारा त्यागपत्र दिए जाने से 27 सितंबर, 2021 को रिक्त हुआ था और उपचुनाव हुआ था। अब विधानसभा चुनाव हो चुके हैं और परिणाम कांग्रेस के अनुकूल नहीं रहे हैं। मई में लोकसभा का चुनाव भी होना है, इसलिए सभी समीकरणों को देखते हुए प्रत्याशी का चयन किया जाएगा। राज्यसभा के रिक्त स्थानों की पूर्ति के लिए भारत निर्वाचन आयोग चुनाव की घोषणा करता है। माना जा रहा है कि आगामी मार्च में यह प्रक्रिया की जाएगी।

**इनका कार्यकाल हो रहा है समाप्त:** भाजपा- राजमणि पटेल ,अजय प्रताप सिंह, कैलाश सोनी, धर्मेंद्र प्रधान और डा. एल.मुरुगन। कांग्रेस-।

# चार प्रतिशत डीए के आदेश जारी करने की मांग

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मंत्रालय सेवा अधिकारी, कर्मचारी संघ ने चार प्रतिशत डीए देने के आदेश जारी करने की मांग की है। संघ के संरक्षक सुधीर नायक और अध्यक्ष राजकुमार पटेल ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि केंद्र द्वारा घोषित किया गया चार प्रशिशत डीए प्रदेश के कर्मचारियों अधिकारियों को स्वीकृत करने संबंधी प्रस्ताव आचार संहिता प्रभावशील होने के कारण निर्वाचन आयोग को भेजा गया था। उस समय निर्वाचन आयोग ने मतदान तिथि नजदीक होने के आधार पर सहमति नहीं दी थी। अब आदर्श आचार संहिता खत्म हो चुकी है। ऐसे में 4 प्रतिशत डीए एरियर सहित प्रदेश के कर्मचारीयों अधिकारियों को देना चाहिए। संघ द्वारा जल्द ही इस संबंध में मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और वित्त विभाग को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

# स्पीकर पहुंचे विधानसभा, झुककर किया प्रणाम



**भोपाल।** हाल में विधानसभा चुनाव जीतकर पहली बार विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम जब विधानसभा पहुंचे तो उन्होंने शीश झुकाकर विधानसभा को प्रमाण किया और स्वागत कक्ष में जाकर निर्वाचन प्रमाण पत्र सहित अन्य दस्तावेज जमा किए। उधर, सैलाना से भारत आदिवासी पार्टी के कमलेश्वर डोडियार मोटर साइकिल से भोपाल पहुंचे। वे आज विधानसभा पहुंचकर अपना निर्वाचन प्रमाण पत्र जमा कराकर अन्य औपचारिकताएं पूरी करेंगे।

# 9 दिसंबर को कर्मचारी मंच का प्रांतीय सम्मेलन होगा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र कर्मचारी मंच का प्रांतीय सम्मेलन 9 दिसंबर को अंबेडकर जयंती मैदान तुलसी नगर में होगा। इसमें 11 सूत्रीय प्रस्ताव पारित करके संगठन की आगामी रूपरेखा तय जाएगी।

सम्मेलन में प्रदेश भर के अनियमित संवर्ग के कर्मचारी भाग लेंगे।अध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि प्रांतीय सम्मेलन में अनियमित कर्मचारियों को नियमित करने, स्थाई कर्मी को सातवां वेतनमान का लाभ देने, अनियमित कर्मचारियों को न्यायालय आदेश का लाभ देने, अनियमित कर्मचारी की सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष करने, अनियमित कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति पर ग्रेच्युटी 10 लख रुपए देने एवं आकस्मिक मृत्यु होने पर अनुकंपा अनुदान 10 लाख भुगतान आदि मांगों पर प्रस्ताव पारित करके वर्ष 2024 की आगामी कार्य योजना तैयार की जाएगी।

## सीएम हाउस में मुलाकात







भोपाल। मप्र विधानसभा का चुनाव जीतने वाले भाजपा उम्मीदवारों ने बीती रात सीएम हाउस में शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की।

**मेट्रो एंकर** | एनसीआरबी की रिपोर्ट में प्राकृतिक आपदा में मौतों का भी ब्योरा

# चिंता की बात: दुर्घटनाओं में महाराष्ट्र के बाद सर्वाधिक मौतें मध्यप्रदेश में

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र में पिछले वर्ष 2022 में सभी तरह की दुर्घटनाओं में 43 हजार 720 लोगों की मौतें हुईं। यह आंकड़ा महाराष्ट्र राज्य के बाद देश में सर्वाधिक बताया गया है। आंकड़ों के अनुसार, सभी प्रकार की दुर्घटनाओं से देशभर में जान गंवाने वाले लोगों में सर्वाधिक 15.5 प्रतिशत महाराष्ट्र के हैं। इसके बाद 10.2 प्रतिशत मध्य प्रदेश के हैं। यह तथ्य एनसीआरबी की रिपोर्ट में सामने आए हैं। यह आंकड़े बताते हैं कि प्राकृतिक आपदाओं के चलते मध्य प्रदेश में पिछले वर्ष 914 लोगों की जान चली गई, इसमें 24 की मौत ठंड के कारण हुई, जबकि, सिर्फ सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली सर्वाधिक मौत के मामले में उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु और महाराष्ट्र के बाद मध्य प्रदेश चौथे नंबर पर है। वर्ष 2022 में 53 हजार 479 सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिसमें 15 हजार 432 लोगों की मौत हो गई। इनमें दो हजार 186 महिलाएं थीं। यहां चिंता की बात यह भी है कि मध्य प्रदेश में अधिकतर रेलवे फाटक बंद हो चुके हैं। इसके बाद भी रेलवे क्रासिंग पर उत्तर प्रदेश (1340) के बाद सर्वाधिक 239 घटनाएं मध्य प्रदेश में हुई हैं। इन घटनाओं में इतने ही लोगों की जान चली गई।


बेबाक खबर हर दोपहर
दोपहर मेट्रो
अपने कारोबार-उत्पाद को आगे बढ़ाएं दोपहर मेट्रो के साथ



विज्ञापनों के लिए संपर्क करें
प्रधान कार्यालय 182 - ए शाहपुरा (मनीषा मार्केट के पास) भोपाल
फोन नं.- 0755-4917524, 0755-2972022

**सुविचार**

जब आप फ़िक्र में होते है तो आप जलते है, जब आप बेफिक्र होते है तो दुनिया जलती है।

- अज्ञात

## संपादकीय

# गठबंधन में निशाने और लोकसभा चुनाव

सियासी तौर पर महत्वपूर्ण राज्यों के चुनाव नतीजे आने के बाद उस राजनीतिक गठबंधन का भविष्य डांवाडोल नजर आ रहा है, जो केंद्र की मोदी सरकार को टक्कर देने के लिये बना है और इसकी तीन बैठकों काफी धमाकेदार भी रही हैं। लेकिन हाल के चुनाव नतीजे के बाद इस विपक्षी गठबंधन के महत्वपूर्ण घटकों के सुर बदलने लगे हैं। यह निश्चित तौर पर भाजपा के लिये बेहद राहतकारी भी हैं। हालांकि नतीजों के बाद पहली प्रतिक्रिया में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने गठबंधन को याद किया। जल्द ही यह घोषणा भी कर दी गई कि गठबंधन की अगली बैठक दिल्ली में 6 दिसंबर को होगी। हालांकि घटक दलों की बेरुखी को देखते हुए इसे टालने की मजबूरी आ गई। पार्टी प्रमुखों की बैठक अब दिसंबर के तीसरे सप्ताह में रखने की बात कही गई है। इस बैठक में कांग्रेस जितनी दिलचस्पी गठबंधन के अन्य सहयोगी दलों की नहीं दिख रही। तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष ममता बनर्जी ने तो पहले ही कह दिया कि वह दूसरे कामों में बिजी हैं, इसलिए इंडिया बैठक में शामिल नहीं हो पाएंगी। जेडीयू नेता और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी बैठक के लिए उपलब्ध नहीं थे। अन्य नेताओं ने भी असमर्थता जता दी थी। कुछ सहयोगी दलों के नेताओं के जो बयान आए हैं, उन्हें देखकर लगता है कि वे कांग्रेस से नाराज हैं। शिवसेना (उद्धव गुट) के नेता संजय राउत ने कहा कि अगर कांग्रेस अन्य दलों को साथ लेकर लड़ी होती तो नतीजे कुछ और होते। दलों को लगता है कि कांग्रेस ने इस उम्मीद में गठबंधन से दूरी बना ली थी कि इन विधानसभा चुनावों में उसका प्रदर्शन अच्छा होगा, हालांकि यह भी साफ हुआ था कि यह गठबंधन सिर्फ राष्ट्रीय स्तर पर होगा,प्रांत के स्तर पर नहीं। मगर अब ये दल दिखाना चाहते हैं कि गठबंधन की जरूरत उनसे ज्यादा कांग्रेस को है। इस नाराजगी और उसे जताने के क्षेत्रीय दलों के तरीके में दो बिल्कुल अलग तरह की प्रवृत्तियों की झलक दिख रही है। तृणमूल कांग्रेस कह रही है कि ये नतीजे बीजेपी की जीत नहीं बल्कि कांग्रेस की हार है। वहीं, आम आदमी पार्टी ने भी बिना देर किए खुद को उत्तर भारत की सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी घोषित कर दिया। इन दलों की कोशिश यह बताने की है कि कांग्रेस इस गठबंधन को नेतृत्व देने के योग्य नहीं है। दूसरी ओर शिवसेना और जेडीयू जैसे दल की दिलचस्पी कांग्रेस नेतृत्व को इस बात के लिए मजबूर करने तक सीमित लगती है कि सभी दलों को समुचित महत्व देते हुए आगे बढ़ा जाए। क्षेत्रीय दलों के इस आक्रामक रुख को देखते हुए कांग्रेस नेतृत्व ने कल की बैठक को अलग रूप दे दिया। इसका मकसद यह लगता है कि संसदीय दलों के प्रमुखों के जरिए इस बैठक में सबका गुबार निकल जाए। लेकिन काफी कुछ इस बात पर निर्भर करेगा कि बैठक में सभी दलों को साथ लेकर आगे बढ़ने का भाव प्रबल साबित होता है या खुद को दूसरों से आगे दिखाकर अपने दलीय हितों को सबसे ऊपर रखने की प्रवृत्ति मजबूत रहती है। जहां तक कांग्रेस की बात है तो वह सबसे पुरानी पार्टी है और उसका विस्तार भारत के हर प्रांत में हैं। यह जरूर है कि नेतृत्व की गलतियों के चलते वह सियासी रूप से कमजोर हो गई है और उसे गठबंधन सरकारों में शामिल होना पड़ा है। मप्र राजस्थान व उप्र जैसे गढ़ उसके हाथ से छिटक गये हैं, गुजरात तीन दशक से उसके लिये दूर की कौड़ी बना ही हुआ है। वहीं उसकी मौजूदगी वाले इंडिया गठबंधन में जितने भी दल हैं वे प्राय- क्षेत्रीय दल ही हैं। लेकिन कांग्रेस की हालिया स्थिति को देखकर वे अब अपने हित ऊपर रखेंगे और मजबूरी में कांग्रेस को बहुत सारे समझौते करने ही होंगे।

## निशाना

### कौन रहा पनौती ?



– कृष्णेन्द्र राय

खुली सबकी पोल।
कौन कितना पानी ।।
बनने लगी आगे की।
लगता अलग कहानी ।।
बड़े बोल वाले आज।
हुए धराशाई ।।
जिसको था बनाना।
उसने राह बनाई ।।
जनता ने फिर फैसला।
आज है सुनाया ।।
कौन रहा पनौती ?
स्पष्ट है बताया ।।
चक्कर राजनीति का।
अब तक समझ न आया ।।
दी पहले खुशहाली।
है पुनः भरमाया ।।

## आज का इतिहास

- 2009 - डेनमार्क के कोपेनहेगन में जलवायु शिखर सम्मेलन शुरू।
- 2008 - हरियाणा के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने चन्द्रमोहन को मुख्यमंत्री पद से बर्ख़ास्त किया। भारतीय गोल्फर जीव मिल्खा सिंह ने जापान टूर का ख़िताब जीता।
- 2007 - यूरोप की कोलम्बर प्रयोगशाल को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुँचाने वाली अटलांटिस की बहुप्रतीक्षित उड़ान तकनीकि कारणों से स्थगित।
- 2004 - हामिद करजई ने अफ़ग़ानिस्तान के पहले निर्वाचित राष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण की।
- 2003 - रमन सिंह छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री पद पर आसीन
- 2002 - तुर्की की आजरा अनिन मिस वर्ल्ड 2002 बनीं।
- **कश्मीर** में अलगाववादी हिंसा में आठ मुस्लिम विद्रोहियों सहित 14 लोग मारे गए।
- 2001 - कंधार में तालिबान ने हथियार डाले, विक्रमसिंघे श्रीलंका के नये प्रधानमंत्री नियुक्त।
- 1995 - दक्षिण एशिया वरीयता व्यापार समझौता (साप्टा) प्रभावी।
- भारत ने संचार उपग्रह इनसेट-2सी का प्रक्षेपण किया।
- 1988 - अर्मेनिया में 6.9 तीव्रता वाले भूकंप से 25 हजार लोगों की मौत, लाखों बेघर।
- 1983 - मैड्रिड एयरपोर्ट पर दो जेट विमानों के आपस में टकराने से 93 की मौत।
- 1972 - अमेरिका ने चंद्रमा के लिये अपने अभियान के तहत अपोलो 17 का प्रक्षेपण किया।
- 1970 - पश्चिम जर्मनी और पोलैंड के बीच संबंध सामान्य हुए।
- 1944 - जनरल रादेस्कू ने रोमानिया में सरकार का गठन किया।

# विरोधियों के बेतुके बयानों के कारण भी भाजपा को मिलते हैं वोट

**बलबीर पुंज**



पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनावों के परिणामों के निहितार्थ क्या हैं? यह ठीक है कि राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में जनता ने भाजपा की नीतियों-कार्यक्रमों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करिश्माई नेतृत्व में हो रहे सकारात्मक परिवर्तनों से प्रभावित होकर बहुमत दिया है। परंतु लगता है कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा के बेतुके बयानों से आहत होकर भी जनता कांग्रेस के खिलाफ मत देने को विवश हो जाती है।

भले ही बीते एक वर्ष से इस दल की अध्यक्षता मल्लिकार्जुन खरगे कर रहे है, परंतु पार्टी की परोक्ष कमान गांधी परिवार के हाथों में ही है। वर्षों से कांग्रेस में विचारधारा का टोटा है, जिसकी पूर्ति घिसे-पिटे वामपंथी जुमलों से करने का प्रयास हो रहा है। इसका सबसे ताजा उदाहरण कांग्रेस द्वारा तात्कालिक राजनीतिक लाभ के लिए राजनीति में जाति के भूत को पुन- जीवित करने का प्रयास है।

कांग्रेसी नेताओं द्वारा इन चुनावों में 'जितनी आबादी, उतना हक' का नारा बार-बार दोहराया गया। अभी तक सपा, बसपा, राजद जैसे क्षेत्रीय दल जाति आधारित राजनीति करते थे। यह पहली बार है, जब किसी राष्ट्रीय दल के रूप में कांग्रेस ने इस जिन्न को बंद बोतल से बाहर निकालने की कोशिश की है। जाति निश्चय ही भारतीय समाज की एक सच्चाई है। परंतु अब आधुनिक शिक्षा, सर्वांगीण अवसर, तकनीकी दौर और बाजारवाद के युग में जाति की भूमिका गौण हो गई है। आज के आकांक्षावान युवा जातीय पहचान से ऊपर उठकर देखने की क्षमता रखते हैं। इसलिए राहुल-प्रियंका के 'सत्ता में आने पर जातिगत-जनगणना कराकर आबादी के हिसाब से हक दिलाने' के वादे का उलटा प्रभाव हुआ।

इसी वजह से अशोक गहलोत और भूपेश बघेल की योजनाओं के असंख्य लाभार्थी भी कांग्रेस से छिटक गए। इससे पहले गत वर्ष गुजरात विधानसभा चुनाव और अपनी 'भारत जोड़ो' यात्रा के समय राहुल ने आदिवासियों को देश का 'असली मालिक' बताया था। यदि राहुल के लिए आदिवासी देश के 'असली मालिक' हैं, तो शेष लोग कौन हैं? छत्तीसगढ़-मध्य प्रदेश जैसे आदिवासीबहुल राज्य में भाजपा की निर्णायक जीत ने राहुल की 'आदिवासी बनाम शेष हिंदू समाज' की राजनीति को भी ध्वस्त किया।

वास्तव में, यह चिंतन भारतीय संस्कृति विरोधी वामपंथ से प्रेरित होने के साथ ब्रितानी औपनिवेशिक उपक्रम ('बांटो-राज करो' सहित) से भी जनित है, जिसका अंतिम उद्देश्य भारत को एक राष्ट्र के रूप में नकारना और उसे 1947 की भांति कई टुकड़ों में खंडित करना है। इसका प्रमाण- राहुल के विदेशी विश्वविद्यालयों में दिए उन वक्तव्यों में मिल जाता है, जिसमें उन्होंने भारतीय लोकतंत्र और देश की मौलिक बहुलतावादी संस्कृति को अपमानित करते हुए कहा था–%भारत एक राष्ट्र नहीं, अपितु राज्यों का एक संघ है।% सच तो यह है कि भारत सदियों से सांस्कृतिक तौर पर एक राष्ट्र है।

यह विडंबना है कि राहुल गांधी मार्क्स-मैकॉले एजेंडे को तब आगे बढ़ा रहे है, जब गांधी जी ने अपनी हिंद स्वराज (1909) पुस्तक में लिखा था- %...अंग्रेजों ने सिखाया है कि आप एक राष्ट्र नहीं थे और एक-राष्ट्र बनने में आपको सैकड़ों वर्ष लगेंगे। यह बात बिल्कुल निराधार है। जब अंग्रेज हिंदुस्तान में नहीं थे, तब भी हम एक राष्ट्र थे, हमारे विचार एक थे, हमारा रहन-सहन एक था। ...भेद तो अंग्रेजों ने बाद में हमारे बीच पैदा किए... दो अंग्रेज जितने एक नहीं, उतने हम भारतीय एक थे और एक हैं...।%

बात केवल यहीं तक सीमित नहीं है। स्वतंत्र भारत के सार्वजनिक विमर्श को भी राहुल गांधी ने सर्वाधिक क्षति पहुंचाई है। धुर वैचारिक-राजनीतिक विरोधी होने के बाद भी पंडित नेहरू और अटल बिहारी वाजपेयी ने सीमा नहीं लांघी। इंदिरा गांधी ने, बतौर प्रधानमंत्री, सावरकर और गोलवलकर को भी सराहा। परंतु राहुल अपवाद हैं। अपनी ही सरकार द्वारा पारित अध्यादेश की प्रति को फाड़ना, उद्यमियों को तिरस्कृत करना, एक उपनाम के सभी लोगों को चोर बताना और या 'पनौती', 'डंडे मारने' जैसे शब्दों का उपयोग करना-इसका प्रमाण है। सच तो यह है कि मोदी-शाह की जोड़ी जनता को अपने पक्ष में मत देने के लिए प्रोत्साहित तो करती है, परंतु राहुल-प्रियंका के वक्तव्य कांग्रेस सरकार के लाभार्थियों को भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए विवश कर देते हैं।

**–साभार लेखक पूर्व राज्यसभा सांसद और भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं।**

# बौखलाहट है हिंदी पट्टी के राज्यों को 'गौमूत्र राज्य' की संज्ञा देना

**ललित गर्ग**

तीन राज्यों राजस्थान, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक एवं शानदार जीत से इंडिया गठबंधन के विभिन्न राजनीतिक दलों एवं उनके नेताओं की बौखलाहट बढ़ती जा रही है। इसी बौखलाहट का नतीजा है तमिलनाडु की सत्ताधारी दल डीएमके पार्टी के सांसद डीएनवी सेंथिलकुमार के द्वारा संसद में हिंदी पट्टी के राज्यों को 'गौमूत्र राज्य' की संज्ञा देना। उनके ऐसा बोलते ही संसद से लेकर बाहर के राजनीतिक गलियारों में हंगामा खड़ा हो गया। भाजपा ने सेंथिलकुमार के इस बयान का विरोध किया तो सांसद ने माफी मांग ली और लोकसभा की कार्यवाही से उनका बयान अब हटा दिया गया है। साथ ही कांग्रेस ने भी उनके इस बयान से पल्ला झाड़ लिया है। राजनीतिक स्वार्थों एवं संकीर्णताओं के चलते भारत की हजारों साल पुरानी संस्कृति एवं परम्परा को धुंधलाने एवं झुठलाने के ये षड़यंत्र राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता की बड़ी बाधा है।





गाय न केवल भारत की सनातन परम्परा बल्कि आम जनजीवन में आस्था का सर्वोच्च केन्द्र है। भारतीय गोवंश को माता का दर्जा दिया गया है इसलिए उन्हें 'गौमाता' कहते है, हमारे शास्त्रों में गाय को पूजनीय बताया गया है। हमारी माताएं बहनें रोटी बनाती है तो सबसे पहली रोटी गाय को ही देती हैं। गाय का दूध अमृत तुल्य होता है। न केवल गाय का दूध बल्कि समस्त गौ-उत्पाद भी अमूल्य है। इन दिव्य अमृत पंचगव्य का उपयोग यज्ञ, आध्यात्मिक अनुष्ठानों, बीमारी से निजात पाने और संपूर्ण मानवता के कल्याण के लिए किया जाता है। इसलिये गौमाता को आधार बनाकर भाजपा की जीत पर हमला करने की यह कुचेष्टा न केवल मानसिक दिवालियापन है बल्कि इससे भारत की जनभावनाएं आहत एवं लहूलुहान हुई है। गौमाता पर की गयी यह टिप्पणी एक सम्पूर्ण परम्परा एवं संस्कृति को धुंधलाने की कुचेष्टा है। ऐसी कुचेष्टाएं एवं साजिशें पूर्व में भी हुई है। तब भी गौमाता की तरह ही सनातन धर्म पर आपत्तिजनक बयानों से देश को तोड़ने की षडयंत्र हुआ। तब तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे और खेल मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने विवादास्पद बयान में सनातन धर्म की तुलना डेंगी, मच्छर, मलेरिया, और कोविड से करते हुए असंख्य सनातनधर्मियों की आस्था पर कुठाराघात किया था। उनकी ही पार्टी डीएमके के सांसद ए राजा ने तो हदें ही लांघते हुए हिंदू धर्म को 'न सिर्फ भारत बल्कि पूरी दुनिया के लिए अभिशाप तक कह दिया था।' इन डीएमके नेताओं के बयानों से जब विवाद संभला नहीं तो उन्होंने सफाई दी, माफी मांग ली। अपनी कहीं बातों से किनारा पाने की इस बार भी तरह पूर्व में चेष्टा हुई, ये स्थितियां भारतीय राजनीति की विडम्बना एवं विसंगति है। कांग्रेस की हार का कारण ऐसी विसंगतियां ही बनती रही है। प्रश्न है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी क्या उत्तर भारतीयों के खिलाफ अपने सहयोगी दल के अपमानजनक बयानों से सहमत हैं? तीन राज्यों में से दो राज्यों राजस्थान एवं छत्तीसगढ़ में ही इन चुनावों से पहले उसी की सरकारें थी। क्या हिन्दी राज्यों का अपमान एवं तिरस्कार करते हुए कांग्रेस आगे बढ़ने की सोच भी सकती है? कांग्रेस कब तक देश को विघटित करने की राजनीति करती रहेगी? क्योंकि कांग्रेस के दबदबे वाली इंडिया गठबंधन में भी डीएमके एक अहम साझेदार है।

उत्तर भारत मे 'गौमाता' पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी से कांग्रेस को किनारा करना, उसकी सूझबूझ एवं विवेक से ज्यादा विवशता है। यही कारण है महाराष्ट्र कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री मिलिंद देवड़ा ने इस टिप्पणी पर नाराजगी जताई और इसे अफसोसजनक बताया। उन्होंने खुद को सनातनी कहा है। कांग्रेस सांसद राजीव शुक्ला ने भी कहा कि डीएमके की राजनीति अलग है। कांग्रेस उनकी राजनीति से सहमत नहीं है। कांग्रेस 'सनातन धर्म' और 'गौमाता' में भी विश्वास करती है।' क्या कांग्रेस का यह विश्वास सच्चा विश्वास है या वोट हासिल करने का हथियार मात्र है। इंडिया गठबंधन से जुड़े एक खास दल ने सनातनी परंपरा एवं हिन्दू भाषी राज्यों का बहुत बड़ा निरादर किया है। सनातनी परंपरा, सनातनियों एवं हिन्दू राज्यों का इस तरह का अपमान देश कैसे बर्दाश्त करेगा? निश्चित ही देश की आस्था के साथ खिलवाड़ करने वाले दलों एवं नेताओं को जनता मुंहतोड़ जवाब देती है और देती रहेगी। आखिर सवाल यह भी है कि हिंदी या हिंदी भाषी राज्यों के विरोध में डीएमके पार्टी एवं उसके नेता किस हद तक गिरेंगे। हिंदी भाषी राज्यों को लेकर मन में यह दुराग्रह से आखिर क्या हासिल होने वाला है। इससे फायदे की जगह नुकसान ही होता है। डीएमके नेता सीधे-सीधे हिंदी भाषी प्रांतों में रहने वाले लोगों का अपमान कर रहे हैं।

भाजपा की जीत जनभावनाओं की जीत है और जीत का यह विजय रथ हिन्दी भाषी राज्यों के साथ-साथ दक्षिण भारत में भी विजय-पताका फहराते हुए आगे बढ़ रहा है। तेलगांना में एक सीट से 8 तक आगे बढ़ी है, केरल, तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में भाजपा अपने होने का अहसास करा रही है, कोई आश्चर्य नहीं कि वहां पैर जमाते हुए भाजपा की सरकारें भी बनने लगे। कर्नाटक में तो उसने लम्बे समय तक शासन किया है। तीन राज्यों की ऐतिहासिक जीत से भाजपा का मनोबल जहां बढ़ा है वही इंडिया गठबंधन एवं कांग्रेस का मनोबल गिरा है। भाजपा एवं मोदी की सोच, नीतियां, योजनाएं एवं दृष्टिकोण की जीत पर विपक्षी दलों की ये ओछी प्रतिक्रियाएं उसे अधिक बलशाली ही बनायेगी। आदिवासी विकास का संकल्प, महिलाओं की भूमिका और 33 प्रतिशत आरक्षण का आश्वासन, समान नागरिक संहिता, सांस्कृतिक मूल्यों का विकास, युवाओं के लिये रोजगार, विश्वगुरु बनाने की कार्ययोजना, देश की सुरक्षा एवं साख जैसे गंभीर मुद्दों पर सार्थक उपक्रम का मोदी ही दम रखते जान पड़ते हैं। देश को आगे बढ़ाना है तो तुष्टीकरण, धर्म एवं संस्कृति को आहत करने की विकृत मानसिकता और भ्रष्टाचार से मुक्त होना आवश्यक है। मोदी ही गारण्टी की गारण्टी हैं, लेकिन इसमें अहंकार नहीं है, मोदी ने अपनी जगह पार्टी एवं देश की जनता को ही प्रमुखता दी, देश की जनता को हमेशा आगे रखा है। उन्होंने चुनावी सभाओं में साफ कहा कि पार्टी का चेहरा कोई व्यक्ति नहीं, बल्कि कमल का फूल है, साफ-सुथरी नीतियां है, देश को सशक्त बनाने का संकल्प है। निश्चित ही इस बार के चुनाव परिणाम सनातन भारत को मजबूती देने वाले है, सनातन का अर्थ सच्चा भारत, सच्ची मानवीयता एवं उदात्त जीवन मूल्य। यही कारण है कि इसी सनातन के शिखर गौमाता को आधार बनाकर डीएमके पार्टी ने अपनी बौखलाहट को उजागर कर राजनीतिक अपरिपक्वता को दर्शाया है।

भारतीय न्याय व्यवस्था ने भी समय-समय पर ऐसे विवादास्पद एवं आपत्तिजनक मामलों में कहा है कि जब धर्म एवं आस्था को लेकर कोई टिप्पणी की जाती है तो उसमें ध्यान रखना चाहिए कि उससे किसी की भावनाएं आहत नहीं होनी चाहिए। संविधान में बोलने की आजादी मिली हुई है लेकिन बोलने की आजादी नफरत में नहीं बदलनी चाहिए। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता घृणित भाषण नहीं हो सकती। यदि इसे नजरंदाज किया जाता है तो किसी भी बहस की दिशा पटरी से उतर जाएगी और इसके पीछे का उद्देश्य अपना महत्व खो देगा। अभियव्यक्ति की स्वतंत्रता निष्पक्ष और स्वस्थ सार्वजनिक बहसों को प्रोत्साहित करती है तो इससे समाज को आगे बढ़ने में मदद मिलेगी। गौमाता एवं सनातन धर्म पर विवाद निरर्थक है। वोट बैंक एवं तथाकथित राजनीति स्वार्थों के लिए आक्रामक भाषा का इस्तेमाल देश के लिए घातक है। इस तरह के आधारहीन विवादों को उछालने वाले डीएमके पार्टी जैसे राजनीतिक दल एवं नेता उजालों पर कालिख पोतने का ही प्रयास करते हैं। इस प्रकार की उद्देश्यहीन, उच्छृंखल, विध्वंसात्मक सोच से किसी का हित सधता हो, ऐसा प्रतीत नहीं होता। ऐसा प्रतीत होता है कि ऐसे समाज एवं राष्ट्र को तोड़ने वाली कुचेष्ठाएं करने वालों की आंखों में किरणें आंज दी जाएं तो भी वे यथार्थ को नहीं देख पाते। क्योंकि उन्हें उजाले के नाम से एलर्जी है। तरस आता है समाज में बिखराव करने वाले ऐसे लोगों की बुद्धि पर, जो सूरज के उजाले पर कालिख पोतने का असफल प्रयास करते हैं, आकाश में पैबन्द लगाना चाहते हैं और सछिद्र नाव पर सवार होकर सागर की यात्रा करना चाहते हैं।

**– यह लेखक के अपने विचार हैं।**

मुख्य अतिथि को परेड कमांडर शिवराज चौधरी द्वारा सलामी दी गई एवं परेड द्वारा मार्च पास्ट किया गया

# 77 वां होमगार्ड स्थापना दिवस समारोह गरिमा और उत्साह पूर्वक मनाया



वर्ष के दौरान कानून व्यवस्था ड्युटी, व्हीआईपी ड्युटी, नागद्वारी मेला ड्युटी, बान्द्रभान मेला ड्यूटी, अमावस्या / पूर्णिमा ड्युटी एवं वर्षाकाल के दौरान आपदा एवं राहत बचाव कार्य करने वालेहोमगार्ड / एसडीईआरएफ के जवानों वं उत्कृष्ट कार्य की सराहना की जाकर प्रशस्ति पत्र प्रदाय किये गये

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

77 वॉ होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस समारोह होमगार्ड लाईन नर्मदापुरम में 06 दिसम्बर बुधवार को गरिमामय एवं उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यकम के मुख्य अतिथि अध्यक्ष, नगर पालिका नर्मदापुरम श्रीमति नीतू महेन्द्र यादव , उप पुलिस अधीक्षक यातायात नर्मदापुरम संतोष मिश्रा एवं सेवानिवृत्त डिवीजनल कमांडेन्ट होमगार्ड एम.एल. हनोतिया के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। स्थापना दिवस कार्यक्रम में सेवानिवृत्त डिस्ट्रिक्ट कमांडेन्टभीमसिंह राजपूत, अर्जुनसिंह राजपूत, रक्षित निरीक्षक नर्मदापुरम विजय कुमार दुबे ,नरेन्द्र पटेल, सामाजिक समरसता राष्ट्रीय एकता मंच के संरक्षक के.एस.राजपूत, अरूण दीक्षित एवं समस्त पदाधिकारी / सदस्यगण, जिला शिक्षा विभाग के एम्बेडसर मयंक तोमर, नर्मदा सेना के सदस्यगण, जिले के पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारीगण, होमगार्ड विभाग के अधिकारी/कर्मचारी एवं जवान तथा शहर के गणमान्य नागरिक तथा, इलेक्ट्रानिक एवं प्रिंट मीडिया के पत्रकार साथी उपस्थित रहे।

डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड राजेश जैन ने बताया कि स्थापना दिवस कार्यकम में होमगार्ड जवानों द्वारा भव्य परेड का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि को परेड कमांडर शिवराज चौधरी प्लाटून कमांडर द्वारा सलामी दी गई एवं परेड द्वारा मार्च पास्ट किया गया। महानिदेशक होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन मध्यप्रदेश के संदेश का वाचन किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमति नीतू महेन्द्र यादव अध्यक्ष नगर पालिका नर्मदापुरम द्वारा अपने उदबोधन में होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ के जवानों द्वारा कानून व्यवस्था, निर्वाचन, व्हीआईपी ड्युटी एवं आपदा प्रबंधन विशेषकर विभिन्न पर्वो त्यौहारों पर, पुलिस विभाग के साथ कंधे से कंधे मिलाकर अपनी डयुटी का निर्वाहन करते है एवं माँ नर्मदा के विभिन्न घाटों पर सुरक्षा ड्युटी एवं बाढ के दौरान किये गये कार्यो की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई। होमगार्ड कानून व्यवस्था ड्युटी के साथ साथ आपदा प्रबंधन एवं बाढ प्रबंधन में भी अपनी अति महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाहन कर रहा है।

वर्ष के दौरान कानून व्यवस्था ड्युटी, व्हीआईपी ड्युटी, नागद्वारी मेला ड्युटी, बान्द्रभान मेला ड्युटी, अमावस्या / पूर्णिमा ड्युटी एवं वर्षाकाल के दौरान आपदा एवं राहत बचाव कार्य करने वाले होमगार्ड/एसडीईआरएफ के जवानों, कार्यालयीन कार्य करने वाले अधिकारी/कर्मचारी एवं आपदा में सहयोग करने वाले को मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा साहसिक एवं उत्कृष्ट कार्य की सराहना की जाकर प्रशस्ति पत्र प्रदाय किये गये ताकि भविष्य में और अच्छे कार्य के लिये प्रोत्साहित हो ।कार्यकम में उपस्थित समस्त अतिथियों, जिला अधिकारियों, गणमान्य नागरिक, सेवानिवृत्त अधिकारी/कर्मचारी, सामाजिक संगठन, होमगार्ड परिवार के सभी सदस्यों, एवं पत्रकार साथियों को स्वल्पाहार पर आमंत्रित किया गया। तत्पश्चात कार्यकम का समापन किया गया ।कार्यकम का संचालन ललितमोहन यादव एवं आभार प्रदर्शन ओ.पी.रघुवंशी ए.एस आई.एम द्वारा किया गया।

सभी समाज के वर्गों ने दिया समर्थन,जय स्तंभ चौक पर हुई श्रद्धांजलि सभा

# सुखदेव गोगामेड़ी की हत्या के विरोध में आज सिवनी मालवा रहा बंद





**सिवनी मालवा , दोपहर मेट्रो**

राजस्थान में हुई राजपूत करणी सेना के राष्ट्री य अध्यक्ष सुखदेव गोगामेड़ी की गोली मारकर हत्या के विरोध में करणी सेना ने नर्मदा पुरम मे चक्का जाम कर अपना विरोध प्रदर्शन प्रकट किया तो वहीं आज सिवनी मालवा में सुबह से ही नगर बंद कर व्यापारियों ने अपना-अपना समर्थन करणी सेना को दिया नगर बंद का अलाउंसमेंट बुधवार की शाम को ही कर दिया गया था।

मंगलवार दोपहर 1-00 बजे के लगभग श्री राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव गोगामेडी को उनके निवास जयपुर में हमलावरों ने गोली मारकर उनकी हत्या कर दी गई साथ में उनके गनमेन को भी गोली मारी गई। राजस्थान में सुखदेव गोगामेडी ने अपने घर में ही राष्ट्रीय सेना का ऑफिस बना रखा था, जिसमें कुछ लोग उनसे मिलने आए और 10 मिनट बाद उनके ऊपर गोली चला दी, जो की घटनाक्रम सीसी टीवी कैमरे में कैद हो गया। रिकॉर्डिंग में साफ देखा जा सकता है कि दो लोग उनको नजदीक से गोली मार रहे हैं। गोली लगने से उनकी मृत्यु हो गई। इन हत्यायारों को सजा दिलाने एवं इस हत्याकांड के पीछे कौन-कौन शामिल हैं उनको भी सामने लाने के लिए करणी सेना द्वारा पूरे देश में आंदोलन चलाकर ज्ञापन सोपा जा रहा है। आज सिवनी मालवा में सुबह से ही बाजार बंद कर स्थानीय जय स्तंभ चौक पर श्री गोगामेडी को 2 मिनट की मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। वही नर्मदा पुरम मे सर्वोत्तम करणी सेना के महिला एवं पुरुष सदस्यों ने कॉलेज के सामने महाराणा प्रताप की मूर्ति के पास आकर स्वर्गीय सुखदेव गोगामेड़ी की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा। उसके बाद गैरेज लाइन तिराहे पर ओवर ब्रिज पर सभी करणी सेना के लोगों ने जाम कर ट्रैफिक को रोक दिया। मौके पर अपर कलेक्टर के आने के बाद यातायात सुचारू रूप से जारी हुआ। इस कार्यक्रम में सभी समाज के वर्गो ने अपना-अपना समर्थन करनी सेना को दिया।

# एड्स जागरूकता अभियान के अंतर्गत निकाली गई रैली

**नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो**




नर्मदा महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना एवं एनसीसी तथा रेड रिबन के संयुक्त तत्वाधान में एड्स दिवस जागरूकता पखवाड़ा के अंतर्गत रैली का आयोजन किया गया।

प्राचार्य डॉ ओ एन चौबे ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि एचआईवी संक्रमण के प्रति लोगों को रैली के माध्यम से जागरूकता अभियान से जोड़ा जा रहा है. अज्ञानता और जन जागरूकता की कमी से एच आई वी संक्रमण दुनिया भर में फैल रहा है संबोधन के पश्चात रैली को रवाना किया, जो कि महाविद्यालय परिसर से सदर बाजार से होते हुए सतरस्ता से बस स्टैंड तक और बस स्टैंड से होते हुए महाविद्यालय में पूर्ण हुई। इस अवसर पर एनएसएस एवं एनसीसी अधिकारी डॉ एस के दिवाकर डॉ शिवकांत मौर्य , डॉ राजदीप भदोरिया, डॉ ईरा वर्मा एवं डॉ यास्मीन खान डॉ रूपा भावसार एवं महाविद्यालय का समस्त स्टाफ शामिल हुआ।

# डॉ.अंबेडकर के महा परिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि



**नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो**

शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के इस श्रद्धांजलि सभा में संस्था प्रमुख डॉ.पी सी नरवरे , आर आर चंद्राकर विभागाध्यक्ष , देवेश तिवारी वरिष्ठ व्याख्यता, डी के दुबे,आर आर पाशी एवं तहसील अध्यक्ष अजाकसंघ नर्मदापुरम देवी प्रसाद मेहर, सूरज रायबोले , नितिराज, गुलेश चौरे दीपक मालवीय, सुशील, विनोद गुजर एवम पॉलीटेक्निक महाविद्यालय के समस्त छात्र छात्राओं द्वारा डॉ भीमराव अम्बेडकर को श्रद्धासुमन और माल्यार्पण अर्पित कर महापरिनिर्वाण दिवस समारोह मनाया गया।पुरम शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के इस श्रद्धांजलि सभा में संस्था प्रमुख डॉ.पी सी नरवरे , आर आर चंद्राकर विभागाध्यक्ष , देवेश तिवारी वरिष्ठ व्याख्यता, डी के दुबे ,आर आर पाशी एवं तहसील अध्यक्ष अजाकसंघ नर्मदापुरम देवी प्रसाद मेहर, सूरज रायबोले ,नीतिराज गुलेश चौरे दीपक मालवीय, सुशील, विनोद गुजर एवं पॉलीटेक्निक महाविद्यालय के समस्त छात्र छात्राओं द्वारा डॉ भीमराव अम्बेडकर जी को श्रद्धासुमन और माल्यार्पण अर्पित कर महापरिनिर्वाण दिवस समारोह मनाया गया।

मेट्रो एंकर

नर्मदा कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय स्वैच्छिक सेवा दिवस मनाया गया


# सेवा सबसे बड़ा धर्म मनुष्य में सेवा की भावना अंतर्निहित : प्राचार्य

**नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो**



कार्यालय जिला शिक्षा केंद्र एवं नोडल अधिकारी आनंद संस्थान के निर्देशानुसार एवं अंतर्राष्टीय स्वैच्छिक सेवा दिवस 5 दिसंबर 2023 के अंतर्गत आज हिंदी विभाग, और एनसीसी एवं एनएसएस की महाविद्यालयीन इकाईयों के विशेष सहयोग से सेवा सबसे बड़ा धर्म विषय पर विचार गोष्ठी का कार्यक्रम आयोजित किया गया । प्राचार्य डॉ. ओ. एन. चौबे ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि मनुष्य में सेवा की भावना अंतर्निहित होती है। सीमा पर लड़ने वाला सैनिक भी घायल दुश्मन के शरणागत होने पर उसकी सेवा करने से पीछे नहीं हटता।

उन्होंने अपने आसपास साफ सफाई को लेकर सजग रहने का आव्हान किया। साथ ही एनएसएस महिला इकाई में महिला कैडेट्स के सौ का आंकड़ा पूरा करने पर डॉ. ईरा वर्मा को बधाई दी। मुख्य वक्ता डॉ. अमिता जोशी ने अपने वक्तव्य में कहा कि पृथ्वी पर सभी प्राणियों में मनुष्य ही ऐसा जीव है जिसमें सेवा का भाव विद्यमान होने के साथ वह सेवा करने में सक्षम है । कार्यक्रम के संयोजक डॉ के.जी. मिश्र ने संचालन करते हुए कहा कि मनुष्य के भीतर सेवा का भाव प्रबल होता है वह किसी भी परिस्थिति में सेवा के कार्य से विमुख नहीं होना चाहता । विद्यार्थियों में बी ए तृतीय वर्ष के छात्र रोहित भारती ने शहीद भगत सिंह के जीवन का उदाहरण देते हुए परोपकार और परहित के भाव रखने की अपील की। कार्यक्रम में डॉ.सविता गुप्ता, डॉ शिवकांत मौर्य, राजदीप भदौरिया, डॉ सुनील दिवाकर,डॉ.शोभा बिसेन, डॉ.रूपा भावसार, डॉ. मीनाक्षी ठाकुर, श्रीमती प्रियंका राय सहित एनसीसी और एनएसएस के विद्यार्थी उपस्थित रहे.तत्पश्चात विद्यार्थियों द्वारा महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता कार्य भी किया गया।









नगर में निकला दूसरी बार के निर्वाचित भाजपा विधायक का विजयी जुलूस, कदम कदम पर हुआ जोरदार हुआ स्वागत, भगवा में हुई नगरी, पग-पग पर हुआ स्वागत, जमकर नाचे विधायक, नपा उपाध्यक्ष मनोज साईनाथ ने किया जोरदार स्वागत

# यह सनातन और भारत माता की जीत है देश को हिन्दू राष्ट्र बनाना हमारा ध्येय: उमाकांत शर्मा





सिरोंज , दोपहर मेट्रो।

सिरोंज। ऐसी विजय की कल्पना शायद भाजपा को नहीं थी जिस तरह की विजय क्षेत्र की जनता जनार्दन ने भाजपा की झोली में डाली है।,इसी का परिणाम है कि जिले में सबसे अधिक मतों से विजय उमाकांत शर्मा को मिली है। विधानसभा जीत के उपरांत प्रथम नगर आगमन होने पर अपने चहेते विधायक का स्वागत करने और उनकी एक झलक पाने के लिए कार्यकर्ताओं के साथ जनता जनार्दन में भारी उत्साह देखने को मिला उनके आने से पहले ही भारी संख्या में लोग बासौदा नाके एकत्रित हो गए थे। 2:30 बजे के बाद उमाकांत शर्मा की जैसी गाड़ी खड़ी हुई तो जोरदार आतिशबाजी से इनका स्वागत किया गया फिर खुली जीप में सवार होकर श्री शर्मा जनता जनार्दन का आभार जताने के लिए आयोजित की गई आभार यात्रा मैं निकल वहीं इस यात्रा को पूरी तरह से सनातन धर्म में की तरह सजाया गया था कार्यकर्ताओं के हाथों में भगवा ध्वज थे डीजे की धुन पर भी भगवान श्री राम के भक्ति भाव से उत्प्रोत भजन बज रहे थे। जिसके चलते पूरा माहौल धर्म में हो गया श्री शर्मा का स्वागत करने के लिए कार्यकर्ताओं में भी भारी उत्साह देखने को मिला फूलों की बारिश तथा माला पहनकर कार्यकर्ताओं ने इनका स्वागत किया डीजे के धुन पर बज रहा है भजनों पर विधायक भी कार्यकर्ताओं के साथ अपने आप को थिरकने से नहीं रोक पाए वहीं उन्होंने अपनी क्षेत्र की देव तुल्य जनता जनार्दन को दंडवत प्रणाम करते हुए कहा कि मेरे लिए प्राणों से भी प्यारी मेरी क्षेत्र की जनता जनार्दन है , मुझ पर अति प्रेम बरसाया है इसको मैं कभी नहीं भूल पाऊंगा सिरोंज लटेरी क्षेत्र को स्वर्णिम बनाने के लिए संकल्पित होकर काम करूंगा मेरे भाई स्वर्गीय लक्ष्मीकांत शर्मा भी क्षेत्र की जनता को भगवान मानते थे मैं भी हमेशा भगवान मानकर अपनी क्षेत्र की जनता जनार्दन की सेवा कर रहा हूं जब तक उमाकांत शर्मा के प्राण है तब तक वह जनता की सच्चे मन से सेवा करता रहेगा जो प्रचंड विजय आप सब ने दिलाई है उसका मैं कर्ज कभी नहीं चुका पाऊंगा सभी को मैं प्रणाम करता हूं होकर मेरे कार्यकर्ताओं ने भी परिश्रम की परिकषट को प्रस्तुत करके तन मन धन से काम किया है,ओर प्रत्यक्ष प्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वालों का एक व्यक्ति के कार्यकर्ता का हृदय की गहराइयों से आभार व्यक्त किया दूसरी ओर आभार यात्रा को पूरी तरह से भगवा में नजर आ रही थी चारों तरफ जैन समूह जन समूह दिखाई दे रहा था डीजे की धुन पर भक्ति भाव से उत्प्रोत भजन बज रहे थे। भगवा रंग ध्वज पता का लेकर लोग चल रहे थे साथ ही प्रधानमंत्री ,गृहमंत्री, राष्ट्रीय अध्यक्ष ,प्रदेश अध्यक्ष मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, साथ स्वर्गीय पूर्व मंत्री लक्ष्मीकांत शर्मा के फोटो भी कार्यकर्ता लेकर चल रहे थे। आभार यात्रा के दौरान पूर्व मंत्री लक्ष्मीकांत शर्मा के नारे भी कार्यकर्ताओं लग रहे थे।जिससे पूरा माहौल में उत्साह और बढ़ गया भरा । नगर में आभार यात्रा का जगह जगह पर कार्यकर्ताओं के साथ समाज जनों समाजसेवी संगठनों के साथ व्यापारी गाणो के द्वारा भी स्वागत किया गया पूरे शहर को दुल्हन की तरह सजाया गया था ।

जुलूस में शामिल लोगों में भारी वर्षा होने के कारण शहर सड़कों पर फूल-फूल नजर आ रहे थे । आभार यात्रा को सभा स्थल पर पहुंचने में देर रात हो गई थी श्री चंद्र मोहन शर्मा स्मृति गर पहुंची जहां पर उमाकांत शर्मा ने जनता जनार्दन का अंतरात्मा की गहराइयों से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि है, मेरी देव तुल्य जनता जनार्दन में आप सबको प्रचंड विजय दिलाने पर प्रणाम करता हूं जीवन भर सभी का ऋणी रहूंगा इसके अलाव इस दौरान ऐसे लोग भी देखने को मिले जो चुनाव से पहले कभी नजर नहीं आ रहे थे।





### नपा उपाध्यक्ष मनोज साईनाथ ने किया जोरदार स्वागत -

मनोज साईनाथ द्वारा अपने साथियों के साथ विधायक उमाकांत शर्मा का जोरदार स्वागत किया इस दौरान नपा अध्यक्ष मनमोहन सेन जन भागीदारी अध्यक्ष शिवकुमार भार्गव, विधायक प्रतिनिधि रमेश यादव पार्षद सचिन शर्मा एवं पार्षदगण मोजूद थे।

### शिक्षक संघ ने किया स्वागत -

शिक्षक कर्मचारी संघ के साथियों द्वारा जीत के भव्य जुलुस का एवं विधायक उमाकांत शर्मा का स्वागत किया इस दौरान बी ई ओ उमेश सोनी, इकबाल कुरैशी, राकेश सोनी एवं शिक्षक मोजूद थे।

### जेसीबी पर चढ़े कार्यकर्ता -

जुलूस प्रारंभ होने से पहले ही एक जेसीबी को भी बासौदा नाके पर बुलाएगा जिस पर कार्यकर्ता बैठे हुए थे और बही से फूलों की बारिश की गई थी साथ ही जेसीबी की याद को भी ताज किया गया किस तरह से उत्तर प्रदेश में बुलडोजर चला है वही मध्य प्रदेश में भी अपराधियों पर बुलडोजर चलाने की कार्रवाई प्रदेश सरकार ने की थी इसका उद्देश्य भी आपराधिक तत्व के लोगों को संदेश देने का था कि एक बार फिर भाजपा की सरकार आ गई है अपराध विल में ही छुपी रहे बाहर आएंगे कुचला दिया जाएगा ।

### चुनाव में अंदर ही अंदर विरोध करने वाले भी आए नजर -

विधानसभा चुनाव के दौरान कई ऐसे लोग थे जिन्होंने अंदर ही अंदर विरोध किया और कुछ लोग पूरे चुनाव नजर नहीं आए पर वहां भी विधायक शर्मा के हितेषी बनने के उनकी आभार यात्रा में शामिल हुए नगर में ऐसे कार्य लोग भी स्वागत कर रहे थे जो अंदर ही अंदर चुनाव के दौरान विरोध करने में लगे हुए थे पर स्वागत करने के लिए सबसे आगे नजर आ रहे थे। जुलूस को सभा स्थल तक पहुंचने में 7 घंटे से अधिक का समय लगा कार्यकर्ताओं और जनता जनार्दन का उत्साह देखकर उमाकांत शर्मा भी गदगद हो गए क्योंकि उनके क्षेत्र की लाडली जनता जनार्दन ने उन्हें दूसरी बार भारी मतों से विजय बनाकर विधानसभा भेजने काम किया है ।

### बन सकते हैं मंत्री ऐसी चर्चा

जिले में रिकॉर्ड तोड़ मतों से दूसरी बार चुनाव जीत कर आने वाले श्री शर्मा को मंत्रिमंडल में भी स्थान मिल सकता है । ऐसी चर्चाएं भी हो रही हैं यदि ऐसा होता है तो क्षेत्र के विकास को भी पंख लग जाएंगे जिला बनाने की मांग भी शायद पूर्ण हो जाए उद्योग की स्थापना भी हो सकती है रेलवे लाइन का सपना भी नगर वासियों का पूरा हो सकता है । स्वर्णिम क्षेत्र बनाने का सपना भी जल्द ही पूर्ण हो सकता है। वही देखना है कि मंत्रिमंडल में स्थान मिलता है या नहीं क्योंकि श्री शर्मा अपने काम के लिए जाने जाते हैं , कैसे काम करना है उसका भी उन्हें पूरी अनुभव है ऐसे व्यक्ति को मंत्रिमंडल स्थान मिलता है तो उस विभाग का काम भी तेजी से धरातल पर होगा। इस दौरान हजारों की संख्या में लोग मौजूद थे।

## करणी सेना राष्ट्रीय अध्यक्ष की हत्या के विरोध में हुआ प्रदर्शन , दिया ज्ञापन तत्काल कार्रवाई की मांग



सिरोंज , दोपहर मेट्रो।

बुधवार को करणी सेना परिवार के अध्यक्ष दीपेश राजपूत के नेतृत्व में तहसील के समस्त राजपूत समाज जनों ने राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को देते हुए राजपूत समाजजनों ने करणी सेना के राष्टीय अध्यक्ष सुखदेव की निर्मम हत्या उनके निवास स्थान पर दिनदहाड़े की गई है। जिसकी करणी सेना के द्वारा कड़ी निंदा करते हुए पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है । साथ ही हत्या को अंजाम देने वाले सभी आरोपियों पर उचित कार्रवाई नहीं की गई तो मजबूरन राजपूत समाज सड़कों पर उतरकर उग्र प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी इस दौरान बड़ी संख्या में राजपूत समाजजन मौजूद थे।

## अंतरराष्ट्रीय स्वयंसेवक दिवस पर मैजिक बस ने किया वॉलंटियर्स का सम्मान

सिरोंज , दोपहर मेट्रो।

आज ग्राम मुगलसराय में मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन द्वारा नेस्ले हेल्दी किड्स कार्यक्रम के अंतर्गत अंतर्राष्टीय स्वयंसेवक दिवस का आयोजन किया गया जिसमें मैजिक बस से टीएमओ वीर सिंह लोधी द्वारा मैजिक बस के बारे में विस्तार से बताया गया साथ ही विद्यालय के बच्चों द्वारा शिक्षा के महत्व को लेकर नुक्कड़ नाटक एवं गीत की प्रस्तुति की गई। मैजिक बस से जुड़े सभी वॉलंटियर्स ने अपने मैजिक बस के साथ मिलकर किए कार्यों के बारे में बताया जो उन्होंने अपने ग्राम स्तर पर समस्याओं को लेकर कराए गए थे । साथ ही संस्था सभी वॉलंटियर्स को उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित करतें हुए प्रमाण पत्र दिए गए। संस्था से जुड़े वॉलंटियर्स द्वारा अपने अनुभव साझा किए गए, किस प्रकार उन्होंने समुदाय की समस्याओं को पहचाना एवं उसके लिए कार्य किया। युवाओं द्वारा अपने गांव में किस तरह बदलाव होना चाहिए, इस पर भी चर्चा की गई। सभी वॉलंटियर्स आगे भी संस्था द्वारा प्रदान की गई सीख का उपयोग करते हुए समुदाय की उन्नति की लिए कार्य करते रहेंगे ।इस बीच मैजिक बस से बालकुमार, अनिकेत सैनी ,अनिकेत राजपूत, प्रतीक्षा राजपूत, मालती , बसंत, संजीव, मुनेश, विष्णु, राजेश एवं समस्त विद्यालय स्टाफ ग्राम पंचायत सरपंच सचिव आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।



## क्लीन और ग्रीन के साथ ही इस बार डस्ट फ्री होगा इज्तिमा

कल से शुरू होने वाला इज्तिमा 11 दिसंबर को दुआ के साथ खत्म होगा



भोपाल , दोपहर मेट्रो।

राजधानी भोपाल के ईट खेड़ी स्थित घासीपुरा इलाके में 8,9,10,11 दिसंबर को होने वाले आलम तब्लीगी इज्तिमा की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। इंटखेडी स्थित इज्तिमागाह पर हर रोज बड़ी तादाद में पहुंचकर लोग श्रमदान यानी खिदमत कर रहे और तैयारियों पूरा करने में मदद कर रहे हैं। इधर शहर की मस्जिदों में अलग-अलग प्रदेशों की जमातों का आना शुरू हो गया है। जो फिलहाल स्थानीय मुलाकातों और इज्तिमा की दावत देने में जुटी हुई हैं हैं। इज्तिमा का आयोजन 8 दिसंबर से शुरू होकर 11 दिसंबर को दुआ-ए-खास के साथ पूरा होगा। इस बार देशभर की जमातों के यहां पहुंचते की उम्मीद पिछले साल सुरक्षा और अहतियाती कारणों के चलते इज्तिमा आयोजन को संक्षिप्त करते हुए इसे प्रदेशस्तर तक ही समेट दिया गया था। । 8 दिसंबर से शुरू होने वाले आलमी तब्लीगी इज्तिमा की तैयारियों का दौर दो माह पूर्व ही शुरू हो गया था।

### इज्तिमा के लिए जमातों का आना शुरू

मेट्रो एंकर — दोपहर 2 बजे से लेकर देर शाम तक मंडी रोड पर रहा जाम

## मुख्य सड़कों की बिगड़ी ट्रैफिक व्यवस्था, वाहन चालक परेशान

सिरोंज , दोपहर मेट्रो।

नगर में तैनात यातायात पुलिस के द्वारा अपने काम को गंभीरता से नहीं किया जा रहा है। इसकी वजह से जाम की समस्या ठीक होने का नाम नहीं ले रही है, पहले ऐसे ही जानकारी थी कि भारतीय जनता पार्टी के द्वारा आभार यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इसके बावजूद भी ट्रैफिक व्यवस्था इतनी ज्यादा खराब थी कि जाम से आमजन और वाहन चालक परेशान होते रहे । इसके बाद भी ट्रैफिक पुलिस ने अपने काम को सही तरीके से नहीं किया दोपहर 2 बजे से लेकर देर शाम तक मंडी रोड पर जाम के कारण वाहन चालक हैरान परेशान होते हुए नजर आए दूसरे जुलूस में भी ट्रैफिक पुलिस की व्यवस्था ठीक नहीं थी जिसको लेकर एसडीओपी ने भी नाराजगी जहर करते हुए कहा कि पहले से ही जुलूस को लेकर उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए थे ।फिर भी पुलिसकर्मी और ट्रैफिक पुलिस बल कम संख्या में नजर आ रहा था इसके कारण हालत खराब हो गए। अब देखना है कि शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को व्यवस्थित रूप से करने के लिए कितने ठोस कदम उठाएंगे या फिर जनता को इसी तरह परेशानियों के बीच ही आना जाना पड़ेगा । मुख्य बाजार के हालात तो वैसे ही बहुत ज्यादा खराब है।



### हम तो अपनी मर्जी के मालिक हैं, हमें कौन रोकेगा

परिवहन विभाग के द्वारा जारी किए गए दिशा निर्देशों का खुलेआम मजाक उड़ाया जा रहा है। एक मोटरसाइकिल पर चार लोग सवार होकर अपनी गाड़ी को दौड़ते हुए नजर आ रहा है, इनको रोकने टोकने कने का काम भी यातायात पुलिस के द्वारा नहीं किया जा रहा है।बुधवार को एक ऐसी तस्वीर भी सामने आई मुख्य बाजार में से एक मोटरसाइकिल पर चार लोग बैठे हुए हैं और अपनी मस्ती में चले जा रहे हैं । इनको रोकने का काम भी किसी के द्वारा नहीं किया गया यह लोग पुलिस थाने के साथ पुलिस चौकी से भी नहीं निकल गए बाजार में भी इनकी गाड़ी फर्राटे से दौड़ती हुई जा रही थी इसी दौरान इनकी फोटो खींचकर सोशल मीडिया पर डाल दी इस तस्वीर को देखकर ऐसा लग रहा हम तो अपनी मर्जी के मालिक हैं हमें परिवहन विभाग के नियमों से को लेना-देना नहीं है। इस तरह से एक गाड़ी पर चार लोगों का बैठाना कहीं से कहीं तक उचित नहीं है ऐसे लोगों पर तो चालानी कार्रवाई यातायात पुलिस नहीं की जाती है। इसके वजह से ऐसे वाहन चालकों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं जिनके द्वारा यातायात के नियमों का खुलेआम मजाक भी उड़ाया जा रहा है।




**कार्यालय अपर आबकारी आयुक्त, राज्य स्तरीय उड़नदस्ता, मध्यप्रदेश**

सी-100/50 शिवाजी नगर भोपाल

E-mail: aec.sfsbpl@mp.gov.in, Telephone No- 0755-2578687

भोपाल, दिनांक 05-12-2023

**निविदा विज्ञप्ति**

इस कार्यालय को अपराध नियंत्रण एवं प्रवर्तन कार्य के लिये वित्तीय वर्ष 2023-24 की शेष अवधि के लिये शासन द्वारा स्वीकृत मासिक किराये एवं निर्धारित शर्तों पर 01 वाहन (एस.यु.वी/कार/ बोलेरा) की आवश्यकता है। इस हेतु इच्छुक ट्रेवल/ एजेंसी से निविदा आमंत्रित है। वाहन का पंजीयन वर्ष 2019 से पूर्व अवधि का नहीं होना चाहिए एवं वाहन टैक्सी कोटे के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। इच्छुक निविदादाता, निविदा संबंधी शर्तों की जानकारी इस कार्यालय से कार्यालयीन समय में प्राप्त करसकते हैं। निविदा दिनांक 13.12.2023, दिन बुधवार को अपरान्ह 14:00 बजे तक, इस कार्यालय में प्रस्तुत की जा सकेगी, जो कि उसी दिन 14:30 बजे खोली जावेगी।

निविदा प्रपत्र प्रति वाहन रूपये 200/- (रूपये दो सौ मात्र) को साइबर ट्रेजरी (Cyber Treasure) के माध्यम से आबकारी विभाग (Excise Department) के लेखा शीर्ष (Head of Account) 0039-00-800-0761 (Other Receipts) में भुगतान कर, रसीद की 01 प्रति स कार्यालय में कार्यालयीन समय में जमा की जाकर प्राप्त की जा सकती है। टेण्डर से संबंधित अन्य जानकारी, कार्यालयनी दिवसों एवं कार्यालयीन समय में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

अपर आबकारी आयुक्त
राज्य स्तरीय उड़नदस्ता
मध्यप्रदेश, भोपाल

G-21305/23

# साउथ अफ्रीका दौराः टीम इंडिया तीन टी-20, तीन वनडे और दो टेस्ट की सीरीज खेलेगी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** टीम इंडिया साउथ अफ्रीका दौरे के लिए रवाना हो चुकी है। 10 दिसंबर से शुरू हो रहे दौरे में टीम 3 टी-20, 3 वनडे और 2 टेस्ट की सीरीज खेलेगी। भारतीय टीम का साउथ अफ्रीका के मैदानों पर टी-20 रिकॉर्ड शानदार रहा है। टीम ने वहां 62 फीसदी मुकाबले जीते हैं। यानी कि टीम अफ्रीकी पिचों पर हर दूसरा मुकाबला जीत रही है। इतना ही नहीं, भारतीय टीम ने एकमात्र टी-20 वर्ल्ड कप भी साउथ अफ्रीका में जीता है। इस बार टी-20 सीरीज के मुकाबले 10, 12 और 14 दिसंबर को खेले जाएंगे। उसके बाद 17, 19 और 21 दिसंबर को वनडे मैच होंगे। फिर 26 दिसंबर से टेस्ट सीरीज शुरू होगी।

आईपीएल का फायदा मिला, 2009 का सीजन अफ्रीका में हुआ 2007 में टी-20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद भारत में इंडियन प्रीमियर लीग की शुरुआत हुई। इससे हमारे खिलाड़ियों ने टी-20 फॉर्मेट के गेम में तेजी से ग्रोथ की। भारतीय टीम को 2009 के आईपीएल सीजन का फायदा भी मिला, क्योंकि उस सीजन के सभी मुकाबले साउथ अफ्रीका में खेला गया था। ऐसे में भारतीय खिलाड़ियों को टी-20 फॉर्मेट में वहां की पिचों को समझने का मौका मिला। तब भारतीय टीम की कमान एमएस धोनी के हाथों में थी।



### अफ्रीका में 3 में से एक मैच जीत पाता है भारत

साउथ अफ्रीकी पिचों पर भारतीय टीम का ओवरऑल प्रदर्शन खराब रहा है। टीम ने साउथ अफ्रीका में अब तक 92 इंटरनेशनल मुकाबले खेले हैं, इनमें से 34 में टीम को जीत मिली है, जबकि टीम इंडिया ने 45 मैच गंवाए हैं। 2 मुकाबले टाई, 7 ड्रॉ और 4 नो रिजल्ट रहे हैं। वहां भारतीय टीम की जीत-हार का रेसियो 0.755 है, यानी कि एक से भी कम। अफ्रीका के खिलाफ 67 में से 19 मुकाबले गंवाए- अफ्रीकी मैदानों पर मेजबान टीम के खिलाफ टीम ने 67 में से 19 मैच ही जीते हैं। टीम का विन-लास रेसियो (0.487) आधे से भी कम रहा है।

### टेस्ट-वनडे में खराब, लेकिन टी-20 शानदार प्रदर्शन

अफ्रीकी सरजमीं पर भारत का टेस्ट और वनडे रिकॉर्ड खराब रहा है। टीम वहां अब तक कोई टेस्ट सीरीज नहीं जीत सकी है, जबकि वनडे में 8 में से एक ही सीरीज जीत पाई है। वहीं, टीम ने वहां 4 में से 3 टी-20 सीरीज अपने नाम की हैं। भारतीय टीम ने अपना पहला और आखिरी टी-20 वर्ल्ड कप भी साउथ अफ्रीका में ही जीता था। 2007 में भारतीय टीम ने जोहान्सबर्ग में खेले गए फाइनल में पाकिस्तान को 5 रन से हराया था। मल्टी मैच सीरीज कम, एक-एक मैच की सीरीज ज्यादा भारत-साउथ अफ्रीका के बीच अफ्रीकी पिचों पर मल्टी मैच सीरीज कम हुई हैं। टीम ने वहां 4 टी-20 सीरीज खेली हैं, इनमें से सिर्फ एक में ही 3 मैच खेले गए हैं, जबकि शेष 3 सीरीज में एक-एक मैच खेला गया, जिसे जीतकर भारतीय टीम ने सीरीज अपने नाम कर ली। टेस्ट-वनडे सीरीज जीतकर मेजबानों ने औसत टीम उतारी जब-जब भारतीय टीम ने साउथ अफ्रीका दौरा किया, लॉन्ग फॉर्मेट में हारी है, ऐसे में मेजबानों ने टी-20 में अपनी औसत दर्जे की टीम उतार दी, जिनमें युवाओं को मौका मिला। इसका फायदा टीम इंडिया को टी-20 में हुआ।



## मेट्रो बाजार

## टेस्ला की सस्ती कार मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में ला सकती है क्रांति

**मुंबई, एजेंसी**

टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने कम कीमत वाली इलेक्ट्रिक कार के प्रोडक्शन पर अपडेट दिया है। कार इंडस्ट्री के दिग्गज सैंडी मुनरो के साथ मंगलवार को एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा- हम लो कॉस्ट इलेक्ट्रिक व्हीकल पर काम कर रहे हैं जिसे बहुत हाई वॉल्यूम में बनाया जाएगा। हम उस काम में काफी आगे बढ़ चुके हैं। मैं हर हफ्ते प्रोडक्शन लाइन प्लान का रिव्यू करता हूं। मस्क ने कहा- मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में जो रिवॉल्यूशन उस कार से दिखेगा वह लोगों के दिमाग को हिला कर रख देगा। प्रोडक्शन लाइन ऐसी होगी जिसे आज तक किसी ने नहीं देखा। प्रोडक्शन टेक्नोलॉजी का लेवल पृथ्वी पर मौजूद किसी भी ऑटोमोटिव प्लांट से कहीं ज्यादा एडवांस्ड होगा। मस्क ने बताया कि पहली प्रोडक्शन लाइन टेक्सास में गीगाफैक्ट्री में होगी। टेस्ला के व्हीकल्स अभी काफी महंगे हैं और कई दूसरे ब्रांड्स की तरह अधिकांश लोगों के लिए एक्सेसिबल नहीं हैं। अमेरिकन मार्केट में अभी टेस्ला की चार इलेक्ट्रिक कारें बेची जा रही हैं।



इनमें मॉडल स, मॉडल 3, मॉडल × और मॉडल ङ्ग शामिल हैं। इनमें मॉडल 3 का रियल व्हील ड्राइव वैरिएंट सबसे सस्ता है। अमेरिका में इसकी कीमत 38,990 डॉलर (करीब 32.48 लाख रुपए) है। मस्क का ये इंटरव्यू साइबर ट्रक को लेकर था जिसमें उन्होंने अन्य चीजों पर भी बात की। मस्क ने हाल ही में साइबर ट्रक की डिलीवरी शुरू की है। ये भी काफी महंगा है। साइबरट्रक तीन वैरिएंट- रियर व्हील ड्राइव, ऑल-व्हील ड्राइव और साइबरबीस्ट में अवेलेबल है।

## रियलमी का सबसे पतला स्मार्टफोन 14 को लॉन्च होगा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** टेक कंपनी रियलमी ने अपने सबसे पतले 5 जी स्मार्टफोन को ऑफिशियल अनवील कर दिया है। इसकी थिकनेस 7.89 एमएम है। रियलमी 5 जी फोन को 14 दिसंबर को भारतीय बाजार में लॉन्च किया जाएगा। कंपनी सी सीरिज के इस स्मार्टफोन को एक ऑनलाइन ईवेंट में पेश करेगी। ये इवेंट दोपहर 12 शुरू होगा। इसे ब्रांड के सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, यूट्यूब चैनल और ऑफिशियल रियलमी इंडिया वेबसाइट पर लाइव देखा जा सकेगा। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो यह फोन 4जीबी, 6जीबी और 8जीबी रैम ऑप्शन के साथ तीन वैरिएंट में लॉन्च हो सकता है। फोन की कीमत 12,000 रुपए से शुरू हो सकती है। वहीं सबसे टॉप वैरिएंट की कीमत 17,000 रुपए तक जा सकती है। इंडिया में डिवाइस ग्रीन और पर्पल कलर में सेल के लिए अवेलेबल हो सकता है।



### भारतीय महिला टीम सीजन का पहला मैच हारी

## इंग्लैंड ने 3 मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल की

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय महिला टीम को सीजन के पहले ही मुकाबले में पराजय का सामना करना पड़ा है। टीम को इंग्लैंड ने टी-20 सीरीज के पहले मुकाबले में 38 रन से हराया। इस जीत से इंग्लिश टीम ने 3 मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में भारतीय टीम ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया। इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 197 रन का स्कोर ख?ा किया। जवाब में भारतीय टीम 20 ओवर में 6 विकेट पर 159 रन ही बना सकी। इंग्लैंड की ओर से नैटली सीवर ब्रांट ने दोहरा प्रदर्शन किया। उन्होंने 53 बॉल पर 77 रन की पारी खेली। साथ ही एक विकेट भी हासिल किया। इस प्रदर्शन के लिए ब्रंट प्लेयर ऑफ द मैच रहीं। इंग्लैंड की टीम ने पहले ही ओवर में 2 रन पर 2 विकेट गंवा दिए थे, लेकिन शेष गेंदबाज पावरप्ले और मिडिल ओवर्स में इस दबाव का फायदा नहीं उठा सकीं। इंग्लिश टीम का तीसरा विकेट 16वें ओवर के गिरा।

### जिम से शेयर किया लेटेस्ट वीडियो

## ऋषभ पंत ने दिए जल्द वापसी के संकेत; हादसे के बाद हो रहे रिकवर

**बेंगलुरु, एजेंसी**

टीम इंडिया के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत चोट से काफी तेजी से रिकवर हो रहे हैं। पिछले साल 30 दिसंबर को दिल्ली से रूड़की जाने के दौरान पंत के कार का एक्सीडेंट हो गया था। पंत को सिर और पैर में चोट आई थी। उनके घुटने का भी ऑपरेशन हुआ था। पंत अभी नेशनल क्रिकेट एकेडमी में विशेषज्ञों की निगरानी में रिहैब कर रहे हैं। पंत ने जिम में ट्रेनिंग करते हुए वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। वीडियो में वेट उठाने के साथ ही साइक्लिंग करते हुए नजर आ रहे हैं। पंत एक्सीडेंट के बाद करीब 1 साल से क्रिकेट से दूर हैं। दिल्ली कैपिटल्स ने बतौर कप्तान 2024 आईपीएल के लिए रिटेन किया है। उम्मीद है कि पंत आईपीएल से वापसी कर सकते हैं। उम्मीद है कि पंत आईपीएल से पहले पूरी तरह से रिकवर कर लेंगे। 2024 आईपीएल के लिए मिनी ऑक्शन 19 दिसंबर को दुबई में होना है। भारतीय क्रिकेट टीम के विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत 30 दिसंबर को सड़क हादसे में बाल-बाल बचे थे।

## रवि बिश्नोई बने नंबर-वन गेंदबाज, सूर्यकुमार बल्लेबाजी में अव्वल



**नईदिल्ली, एजेंसी**

भारतीय क्रिकेटर रवि बिश्नोई आईसीसी की टी-20 रैंकिंग में दुनिया के नंबर-1 गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने अफगानिस्तान के राशिद खान को पीछे छोड़कर यह उपलब्धि हासिल की है। आईसीसी ने ताजा टी-20 रैंकिंग जारी की है। बिश्नोई 699 अंकों के साथ टॉप पर पहुंचे। वहीं राशिद खान 692 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा 679 अंकों के साथ तीसरे नंबर पर हैं। आदिल राशिद चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। बल्लेबाजी रैंकिंग में भारत के सूर्यकुमार यादव टॉप पर हैं। सूर्या के साथ ऋतुराज गायकवाड भी टॉप-10 में शामिल हैं। रवि बिश्नोई को हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेली गई टी-20 सीरीज से फायदा मिला है। उन्होंने पांच मैचों की सीरीज में 9 विकेट लिए। बिश्नोई के अलावा टी-20 की गेंदबाजी रैंकिंग में कोई और भारतीय शामिल नहीं है। 23 साल के रवि बिश्नोई ने भारत के लिए अबतक 1 वनडे और 21 टी-20 मैच खेले हैं। वनडे इंटरनेशनल में रवि ने 1 और टी-20 इंटरनेशनल में 34 विकेट लिए हैं। बल्लेबाजी रैंकिंग में सूर्यकुमार यादव टी-20 में बल्लेबाजों की रैंकिंग में पहले नंबर पर बने हुए हैं। इसके साथ ही ऋतुराज गायकवाड भी टी20 की बल्लेबाजी रैंकिंग में टॉप-10 में शामिल है। गायकवाड एक स्थान नीचे खिसककर सातवें स्थान पर आ गए हैं। जबकि युवा बल्लेबाज यशस्वी जयसवाल 16 पायदान ऊपर उठकर 19वें स्थान पर आ गए हैं। बांग्लादेशी ऑलराउंडर शाकिब अल हसन 272 अंकों के साथ टी-20 ऑलराउंडर्स की लिस्ट में टॉप पर बरकरार हैं। अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी 210 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर कायम हैं।


**मनोरंजन** **बॉलीवुड का कोना**

## अदनान बोले- फिल्में केवल एंटरटेन होने के लिए ही देखें

**म्यूजिशियन** और सिंगर अदनान सामी ने हाल ही में रणबीर कपूर स्टारर फिल्म 'एनिमल' का बचाव किया। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा- इस फिल्म को अडल्ट सर्टिफिकेट मिला है। इसका मतलब साफ है कि फिल्म देखने वालों को सही और गलत के बीच का अंतर पता है। दरअसल फिल्म को लेकर लोगों का मानना है कि ये फिल्म समाज को गलत मैसेज दे रही है। इस बात का मुद्दा बनाकर 'एनिमल' की आलोचना की जा रही है। अदनान सामी ने आगे कहा कि फिल्म को एंटरटेनमेंट के हिसाब से देखना चाहिए। उसमें लॉजिक नहीं ढूंढना चाहिए। उन्होंने कहा- मैंने अभी तक 'एनिमल'नहीं देखी है, लेकिन मैं हमेशा एक क्रिएटिव आर्टिस्ट को डिफेंड करूंगा। अदनान ने एनिमल की तुलना अमर अकबर एंथनी, शोले, दीवार, द गॉडफादर, स्कारफेस जैसी फिल्मों से की। उन्होंने बताया कि उन फिल्मों के बिना लॉजिक वाले सीन और क्राइम दिखाने के बाद भी इन फिल्मों को क्लासिक माना जाता है। अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने कहा- अगर आप लॉजिक ढूंढ रहे हैं तो मुझे 'अमर अकबर एंथोनी' में दिखाए गए इल्लोजिकल ब्लड डोनेशन के पीछे का लॉजिक बताए। जिसमें एक मां के तीन बेटे एक ही समय में, एक ही ट्यूब से उसे ब्लड डोनेट करते हैं। दीवार में दिखाए गए मोरल या शोले में 'ठाकुर' द्वारा गब्बर को बिना हाथों के केवल पैरों से पीटने के पीछे के लॉजिक बताएं! गॉडफादर फिल्म में क्या लॉजिक दिखाया गया है?... क्वेंटिन टारनटिनो को इतना ब्रिलियंट माना जाता है, जिसने खून-खराबे से अपना करियर बनाया है! हमें 'स्कारफेस' में अल पचिनो भी बहुत पसंद आए!! आखिर में उन्होंने कहा कि फिल्में केवल एंटरटेन होने के लिए ही देखें। रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल ने रिलीज के 5वें दिन यानी मंगलवार को 38.25 करोड़ रुपए की कमाई की है। इसके साथ ही फिल्म का इंडियन बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 283.74 करोड़ रुपए हो गया है। वहीं वर्ल्ड वाइड कलेक्शन के मामले में यह फिल्म 500 करोड़ क्लब में शामिल होने के करीब पहुंच चुकी है।



## स्काई डाइविंग डरावना है, बच्चों को कभी इसके लिए परमिशन नहीं दी : बच्चन



कौन बनेगा करोड़पति- 15 के नए एपिसोड में अमिताभ बच्चन ने बताया कि वो अभिषेक बच्चन और बेटी श्वेता बच्चन को स्काई डाइविंग करने के लिए क्यों मना करते थे। उन्होंने कहा कि यह बहुत डरावना और जोखिम भरा होता है। बिग बी ने कहा मेरे बच्चों ने मुझे मनाने की काफी कोशिश की। उन्होंने मुझे बताया कि इससे पहले ट्रेनिंग दी जाती है और सेफ्टी के लिए पैराशूट भी होता है। इस पर बिग बी ने ने कहा कि अगर पैराशूट ना खुले तोड़ जानबूझकर रिस्क लेना ही क्यों है। उन्होंने इसके बदले में स्कूबा डाइविंग और फिश हंटिंग करने की सलाह दी।

### कौन बनेगा करोड़पति 15 के कंटेस्टेंट को दी सलाह

दरअसल बिग बी ने 'कौन बनेगा करोड़पति' के नए एपिसोड के कंटेस्टेंट सोनल महनोत से बात की। इस खास एपिसोड में फास्टेस्ट फिंगर्स फर्स्ट का एक नया राउंड खेलने के बाद, अमिताभ बच्चन ने आकाश पाटीदार को हॉट सीट पर बुलाया। होस्ट के साथ बातचीत के दौरान, आकाश ने खुलासा किया कि वह तब से इस शो को देख रहे हैं, जब वह 7वीं क्लास में थे। वह शो के सभी सवालों को नोट कर लेते थे और खुद ही उनका जवाब देने की कोशिश करते थे। अपनी बकेट लिस्ट के बारे में बात करते हुए आकाश पाटीदार ने कहा कि वह स्काई डाइविंग करना चाहते थे और उन्हें ऐसा करने का मौका भी मिला लेकिन उनकी मां ने उन्हें इसकी इजाजत नहीं दी। यह सुनकर, अमिताभ बच्चन ने आकाश की मां का पक्ष लेते हुए कहा, 'मैं भी एक पिता हूं और जब मेरे बच्चे अभिषेक और श्वेता इसके लिए मेरे पास आए, तो मैंने भी उन्हें परमिशन नहीं दी। माता-पिता आपको रोकना नहीं चाहते हैं। लेकिन वह कई बार आपकी सुरक्षा के लिए डर जाते हैं।

## पान मसाला के ऐड से अक्षय कुमार ने की तौबा, अब नहीं करेंगे ऐसे विज्ञापन

*अक्षय कुमार ने साबित कर दिया है कि वह अपनी बात के पक्के इंसान हैं। जैसा कि उन्होंने अपने फैंस से वादा किया था कि वह एक पान मसाला ब्रांड से नहीं जुड़ेंगे। उन्होंने अपना वादा निभाया और अब उनका चेहरा ब्रांड के सभी ऐड्स से हटा दिया गया है। अब ब्रांड पर केवल शाहरुख और अजय देवगन का ही चेहरा दिखाई देगा। बता दें कि 2022 में अक्षय जब इस पान मसाला ब्रांड के साथ जुड़े थे, तो उनकी काफी आलोचना हुई थी। क्योंकि अक्षय हमेशा सभी को फिटनेस के लिए जागरुक करने का कार्य करते हैं। अचानक पान मसाला के ऐड में अक्षय को देख सभी को हैरानी हो गई थी। लेकिन अब अक्षय ने अपना वादा पूरा कर दिया है।*

### ब्रांड से जुड़ने पर फैंस ने कहा था- पाखंडी

*जब अक्षय के इस ऐड में दिखने के बाद से ही सोशल मीडिया पर उनके लिए दोगला और पाखंडी जैसी बातें बोली गई थीं। इस मामले के बाद अक्षय कुमार ने अपने फैंस से माफी मांगी थी। साथ ही यह वादा किया था कि मैं अब से इस ब्रांड का ऐड नहीं करुंगा। इतना ही नहीं बाद में वह एक प्रोटीन सप्लीमेंट का ऐड करने को लेकर भी आलोचना का शिकार हुए थे। यह पूरा मामला तब और बिगड़ गया। जब एक मीडिया हाउस ने यह लिख दिया कि अक्षय की पान मसाला ब्रांड एम्बेसडर के तौर पर वापसी हुई है। जिसके बाद अक्षय ने सफाई देते हुए अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर किया था। उन्होंने लिखा- एम्बेसडर के तौर पर वापसी हुई है? आपके लिए कुछ फैक्ट चेक है बॉलीवुड हंगामा, अगर आप फेक न्यूज की जगह किसी और चीज में इंट्रेस्टेड हैं तो ये ऐड्स 13 अक्टूबर 2021 को शूट किए गए थे। जब से मैंने पब्लिकली अनाउंस किया कि मैं एंडॉर्समेंट से दूर हो रहा हूं, तभी से मेरा उस ब्रांड से कोई लेना-देना नहीं। लीगल टर्म अगले महीने के खत्म होने तक ये ऐड चला सकते हैं।*





# कबाड़खाना में घर के सामने युवक को मारी गोली

## हमीदिया अस्पताल में चल रहा इलाज, एक नामजद समेत अज्ञात पर मामला दर्ज

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

हनुमानगंज थाना क्षेत्र स्थित फातिमा नगर कबाड़खाना में बुधवार देर रात करीब सवा 12 बजे के आसपास दो बदमाशों ने युवक पर फायर कर दिया। फायर होने से गोली युवक की कमर और पेट के पास लगी है। परिजन उसे इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचे थे वहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने एक नामजद आरोपी व उसके साथी पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। पुलिस का कहना है कि घायल युवक अभी होश में नहीं आया है। होश में आने के बाद उसके बयान दर्ज किए जाएगे। एसआई मोहन शर्मा ने बताया कि मो. तारीख (38) फातिमा नगर, कबाड़खाना में रहते हैं। उनके मकान में राशिद भाई किराना दुकान का संचालन करते हैं। तारीख ने पुलिस को बताया कि उनके छोटे भाई मो. खालिद (29) गैस चूल्हे रिपेयरिंग का काम करते हैं और पार्ट्स बेचते हैं। बुधवार रात खालिद दुकान के पास घर के सामने ही थे। इस दौरान वहां जेब उर्फजैद अपने साथी के साथ पहुंचा और उन पर फायर कर भाग निकला। फायर होने के बाद गोली मोहम्मद तारीख की कमर और पेट के पास लगी थी। तारीख ने उसे हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया। रात में डॉक्टर नहीं होने से खालिद का ऑपरेशन नहीं हुआ। रात में जूनियर डॉक्टर थे और उन्होंने प्राथमिक उपचार के बाद आज सीनियर डॉक्टर से ऑपरेशन कर गोली बाहर निकालने का कहा है।

### कमर के पास फंसी है गोली

एसआई शर्मा ने बताया कि अस्पताल पहुंचकर उन्होंने खालिद से बात करने का प्रयास किया था, लेकिन कमर में गोली फंसी होने के कारण खालिद कुछ कहने की स्थिति में नहीं है। खालिद के बयान होने के बाद ही हमले की सही वजह सामने आ सकेगी।

# पानी पीते समय गले में फंसी मधुमक्खी, मौत



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित गांव मानपुरा में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसने पानी पिया था। इसके बाद से ही वह झटपटाने लगा और उसे परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे थे। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। आज पीएम के बाद परिजन को शव सौंपा जाएगा। प्रारंभिक पूछताछ में यह बात पता चली कि रात में खाना खाने के बाद उसने पानी पिया था। जिस पानी को वह पी रहा था उसमें मधुमक्खी थी। अनुमान है कि मधुमक्खी गले में फंसने से युवक की मौत हुइ है। पुलिस के अनुसार हीरेंद्र सिंह आदिवासी (22) गांव मानपुरा, तहसील बैरसिया में रहताड़था। वह महनत मजदूरी करता था। बुधवार रात उसने खाना खाया और गिलाश से पान पिया पानी पीते ही वह झपटपटाने लगा और परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे थे।

# पीसीसी के पास छुरी लेकर घूम रहे तीन युवक गिरफ्तार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

हबीबगंज पुलिस ने पीसीसी कार्यालय के पास छुरी लेकर घूम रहे तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किए गए हैं। पुलिस के मुताबिक बुधवार दोपहर सूचना मिली कि पीसीसी कार्यालय के पास कुछ संदिग्ध युवक घूम रहे हैं, जिनके पास हथियार हो सकते हैं। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने तीन संदेहियों को हिरासत में लिया। तलाशी लेने पर उनके पास अवैध रूप से छुरी रखी मिली। पूछताछ करने पर आरोपियों ने अपने नाम मोहम्मद तारिक निवासी जहांगीराबाद, शाहिद खान निवासी टीला जमालपुरा और अमन कुरैशी निवासी तलैया बताया। पुलिस ने तीनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है।

# अवैध शराब के साथ बुलेट सवार दो युवक पकड़ाए

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

गोविंदपुरा पुलिस ने बगैर नंबर की बुलेट पर सवार दो युवकों को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक मंगलवार दोपहर करीब ढाई बजे सी सेक्टर गोविंदपुरा स्थित गणेश चौक के पास पुलिस ने बगैर नंबर की बुलेट बाइक सवार दो युवकों को रोका। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम छोटू ठाकुर और राजेंद्र अहिरवार निवासी इटारसी बताए। तलाशी लेने पर उनके पास झोले में रखी सात बोतल अंग्रेजी शराब रखी मिली, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया है।

# प्रेमी का गला घोंटकर युवती ने लगाई थी फांसी

## पीएम रिपोर्ट आने के बाद युवती पर हत्या का मामला दर्ज


**भोपाल, दोपहर मेट्रो**



**हनुमानगंज में हमीदिया रोड स्थित अल्पना टॉकीज के पास बंजारा होटल में एक सप्ताह पहले बुधवार रात प्रेमी-युगल के शव बरामद किए गए थे। युवती का शव फंदे पर लटका मिला था, जबकि युवक बिस्तर पर मृत अवस्था में पड़ा था। युवक के शरीर पर रजाई के अलावा मुंह पर तकिया और गले में मफलर लिपटा हुआ था। पुलिस का अनुमान था कि युवती ने मफलर से अपने प्रेमी का गला घोंटकर हत्या की है। उसके बाद उसने खुद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस का अनुमान सही निकला। पुलिस ने दोनों शवों को पीएम के लिए भेजा था। पीएम रिपोर्ट में युवक की गला घोंटकर हत्या करने की बात सामने आई है।**

एसीपी राकेश बघेल ने बताया कि मंगलवार 28 नवंबर को अल्पना टॉकीज के पास बंजारा होटल में कटनी जिले के रहने वाले युवक-युवती ने चेक-इन किया था। रात करीब साड़े दस बजे दोनों ने खाना मंगाकर कमरे में खाया था। उसके बाद अगले दिन बुधवार सुबह से शाम करीब छह बजे तक उनके कमरे में किसी प्रकार की हलचल नहीं हुई। दोनों कमरे से बाहर भी नहीं आए और कमरे का दरवाजा भी नहीं खुला था। संदेह होने पर होटल स्टॉफ लेने पर उनकी सुध लेना चाही लेकिन कई बार आवाज देने और बेल बजाने के बाद भी कमरे के भीतर कोई प्रतिक्रिया होती नहीं दिखी। लिहाजा होटल मैनेजर ने सूचना हनुमानगंज पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोडकर देखा तो कमरे के भीतर युवती का शव फंदे पर झूलता मिला जबकि युवक बिस्तर पर मृत हालत में पड़ा था। उसके शरीर पर कंबल लिपटा था और मुंह पर तकिया रखा था। युवक के गले में मफलर भी कसा हुआ था। एसीपी बघेल ने बताया कि पुलिस को कमरे से युवक का मोबाइल मिला था। उसमें मिले नंबर के आधार पर युवक के मौसा से बात हो गई। युवक की पहचान नाम मनीष चक्रवर्ती (23) निवासी ग्राम बिलहरी जिला कटनी के रूप मे की गई थी। जबकि युवती का नाम किरण केवट (21) निवासी ग्राम खितौली जिला कटनी के रूप में की गई। पुलिस ने पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद मृतिका किरण केवट पर हत्या का मामला दर्ज किया है।

### इधर, 61 साल के हेड कांस्टेबल ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित चंद्रिका सोसायटी रोहित नगर फेस-1 में रहने वाले हेड कांस्टेबल ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वे यहां अपनी पत्नी और दो बेटों के साथ रहते थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश पीएम के लिए भेज दी है। आज पीएम के बाद पुलिस परिजन के बयान दर्ज करेगी। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि वह कर्ज मेंड़डूबे थे इसलिए उन्होंने यह कदम उठाया है। पुलिस के अनुसार 61 साल के सुरेश धूकसे, मध्य प्रदेश पुलिस में पदस्थ थे। उनकी ड्यूटी कोर्ट में डीपीओ कार्यालय में थी। उनके दो बेटे रोहित और आदित्य है। वे दोनों बेटों और पत्नी के साथ चंद्रिका सोसायटी में अपने खुद के मकान में रहते थे। बुधवार शाम करीब चार बजे उन्होंने अपने कमरे में फांसी लगा ली। उनके बेटे आदित्य की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। आज गुरुवार को उनका पीएम कराने के बाद शव परिजन को सौंपा जाएगा। सूत्रों की माने तो हेड कांस्टेबल सुरेश के पास से एक सुसाइड नोट मिला है। उसमें उन्होंने आत्महत्या की वजह कर्ज से परेशान होने की बात लिखी है। यह भी बताया जाता है कि वह जुआ खेलने के आदी थे। जुए में बड़ी रकम हारने के कारण वह तनाव में थे। इसके अलावा परिजन ने बताया कि दस दिन से घर पर ही थे ड्यूटी नहीं गए थे।

# व्यवसाय में लाभ देने का झांसा देकर वाहन डीलर ने रिश्तेदार से हड़पे साढ़े पांच लाख

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**




कोहेफिजा में कार डीलर ने डीलिंग में हर माह लाभ देने का झांसा देकर अपने ही रिश्तेदार को साड़े पांच लाख रुपए का चूना लगा दिया। आरोपियों ने रुपए लेने के बाद फरियादी को लाभ नहीं दिया। पुलिस ने धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार क्वीन टॉवर कोहेफिजा में रहने वाले शेख वसीम व शेख अलीम पुरानी कारों की डीलिंग करते हैं। दिसंबर 2021 में दोनों ने वाहनों की खरीद-फरो त में अच्छा मुनाफा होने का झांसा देकर अपने रिश्तेदार इसरार कुरैशी (37) से साड़े पांच ला ा रुपए कारोबार में निवेश के नाम पर ले लिए थे। आरोपियों ने वादा किया था कि वह समय-समय पर मुनाफा होने पर उन्हें हिस्सा देंगे। लेकिन लंबा अरसा गुजर जाने के बाद भी वसीम व अलीम ने फरियादी को किसी प्रकार का मुनाफा नहीं दिया। वह फरियादी की रकम भी नहीं लौटा रहे हैं। लिहाजा फरियादी इसरार कुरैशी ने कोहेफिजा थाने जाकर आरोपी वसीम व अलीम के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज करा दिया। फिलहाल आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी।

# महिला की हुई संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, भाई का बेहनोई पर हत्या का आरोप

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

ऐशबाग थाना क्षेत्र में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। महिला के भाई ने अपने ही बेहनोई हत्या के आरोप लगाए है। भाई का कहना है कि पति उससे मारपीट करता था। पुलिस के अनुसार इंद्रा नगर कॉलोनी निवासी 32 साल की तबस्सुम बी पति अकबर अली गृहणी थी। चार साल पहले दोनों की शादी हुई थी। 7 नवंबर को घरेलू बातों को लेकर हुए विवाद में पति अकबर ने उसके साथ मारपीट कर दी थी। परिवार ने उसे अस्पताल में एडमिट कराया था। इसके बाद उसे छुट्टी मिल गई। वह मायके आ गई। 26 नवंबर को उसकी फिर तबियत बिगड़ गई। इस पर परिजन उसे जेपी अस्पताल में भर्ती कराया। बुधवार सुबह उसने दम तोड़ दिया। तबस्सुम के भाई ने आरोप लगाया कि बहन के पति ने उसका तकिए से मुंह दबाकर मार दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

**मेट्रो एंकर** | बस के ड्राइवर और कंडक्टर ने पीछा कर आरोपी को दबोचा

# हमीदिया अस्पताल के गेट के सामने कंडक्टर के हाथ से नोट छीनकर भागा बदमाश गिरफ्तार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो। हमीदिया अस्पताल के गेट के सामने स्थित बस स्टैंड पर बुधवार की सुबह एक बदमाश कंडक्टर के हाथ से नोट छीनकर भाग निकला। बस के ड्रायवर और कंडक्टर ने पीछा कर बदमाश को दबोच लिया और उसके पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ लूट का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।**



कोहेफिजा पुलिस के मुताबिक भागीरथ सेन (26) नया बसेरा, कोटरा सुल्तानाबाद में रहते हैं और लालबस में कंडक्टरी करते हैं। बुधवार सुबह करीब साड़े दस बजे उनकी बस हमीदिया अस्पताल के गेट के सामने बने बस स्टाप पर सवारियां उतारने और बिठाने के लिए रुकी थी। बस के रुकते ही भागीरथ नीचे उतरे, तभी वहां पहले से खड़े एक बदमाश ने उनके हाथ से नोटों छीनकर दौड़ लगा दी। भागीरत शोर मचाते हुए उसके पीछे दौड़े तो ड्रायवर ने भी पीछा करना शुरू कर दिया। कुछ दूर बाद दोनों ने बदमाश को दबोच लिया। पकड़े गए बदमाश का नाम जुबेर निवासी कंग्रेस नगर टीला जमालपुरा बताया गया है। उसके पास लूटे गए एक हजार रुपये बरामद कर लिए गए हैं।

### अलग-अलग स्थानों से 11 दोपहिया वाहन ले उड़े बदमाश

राजधानी में वाहन चोरी की घटनाएं थम नहीं रही हैं। पिछले चौबीस घंटों के भीतर अलग-अलग स्थानों से कुल 11 दोपहिया वाहन चोरी हो गए। पुलिस के मुताबिक अभिरुचि परिसर ऐशबाग से जितेंद्र मीना और महामाई के बाग से नरेंद्र ठाकुर, एमपी नगर जोन दो से नितिन पटेल और शिवाजी नगर से सुमेर सिंह, बरखेड़ी जहांगीराबाद से बृजेश तिवारी, सरस्वती नगर टीटी नगर से प्रेरित सक्सेना, इंद्रपुरी पिपलानी से नंद किशोर, मेपल माल के सामने मिसरोद से इमरान मंसूरी, धर्मकांटा हनुमानगंज से विजय साहू, फिजा कालोनी करोंद से सचिन सेन और पतंजलि परिसर गांधी नगर से धर्मेंद्र अहिरवार की बाइक चोरी हो गई। पुलिस ने सभी मामलों में अज्ञात वाहन चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।




स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022